बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार




संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 235 | रविवार 15 दिसंबर 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

## भारतीय विदेश सचिव के बांग्लादेश दौरे के कुछ दिनों बाद हुई कार्रवाई।




**बांग्लादेश** के सुनामगंज में हिंदू समुदाय के घरों, दुकानों और लोकनाथ मंदिर में तोड़फोड़ के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 170 लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है, जिसमें 12 के नाम शामिल हैं। आरोपितों की पहचान अलीम हुसैन, सुल्तान अहमद राजू, इमरान हुसैन और शाहजहां हुसैन के रूप में हुई है। यह गिरफ्तारी भारतीय विदेश सचिव के बांग्लादेश दौरे के कुछ दिनों बाद हुई है।तीन दिसंबर को सुनामगंज के रहने वाले आकाश दास की एक फेसबुक पोस्ट ने तनाव पैदा कर दिया था। उसने पोस्ट हटा दी थी, लेकिन स्क्रीनशाट व्यापक रूप से फैल गया, जिसके बाद हिंसा हुई। पुलिस ने दास को तुरंत गिरफ्तार कर लिया और सुरक्षा संबंधी कारणों से उसे दूसरी जगह स्थानांतरित कर दिया था।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को लेकर सरकार चिंतित

### जयशंकर बोले- वहां अल्पसंख्यकों से ठीक बर्ताव नहीं हो रहा



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लोकसभा में कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रही हिंसा भारत के लिए चिंता का विषय है। नई दिल्ली को उम्मीद है कि ढाका उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा। मंत्री ने कहा कि भारत को उम्मीद है कि बांग्लादेश में नई सरकार भारत के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी स्थिर संबंध स्थापित करेगी।जयशंकर ने शुक्रवार को प्रश्नकाल के दौरान कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसात्मक व्यवहार चिता का विषय रहा है क्योंकि उन पर हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। हमने अपनी चिंताओं की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया है। वहां हिंदुओं पर बहुत हमले हुए हैं। हाल ही में विदेश सचिव ने ढाका का दौरा किया था। यह विषय उनकी बैठकों में भी उठा था। और हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश अपने हितों को ध्यान में रखते हुए अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा।मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश में विकास परियोजनाओं का भारत का अच्छा इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, "वास्तव में जब हम 'पड़ोस पहले' की नीति की बात करते हैं, तो पाकिस्तान और चीन को छोड़कर लगभग हर पड़ोसी देश में हमने महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं शुरू की हैं और बांग्लादेश के मामले में भी यही स्थिति है।" उन्होंने सदन को बताया कि भारतीय सुरक्षा बल लद्दाख में डेपसांग में सभी पेट्रोलिंग प्वाइंट तक जाएंगे और पूर्वी सीमा के उस अंतिम छोर तक जाएंगे जो ऐतिहासिक रूप से भारत की पेट्रोलिंग सीमाएं रही हैं। पिछली बार चीन से डेपसांग और डेमचोक को लेकर ही सफल बातचीत हुई थी। चीन से पहले भी सीमा से पीछे हटने संबंधी बातचीत सफलतापूर्वक हुई है। लेकिन तब अस्थाई रूप से यह प्रबंध किए गए थे।

## संविधान का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना।



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सत्ता के लालच में खून का स्वाद लगने के बाद कांग्रेस ने बार-बार संविधान को जख्मी किया है। लेकिन, 2014 से हमारी सरकार ने देश की एकता और अखंडता के लिए काम किया है। लोकसभा में संविधान पर चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने धारदार भाषण में एक तरफ जहां यह साबित करने की कोशिश की कि कांग्रेस संविधान की मयार्दाओं को कभी सम्मान नहीं दे सकती है, वहीं उदाहरणों के साथ यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा शासन में जो कुछ हुआ और हो रहा है वह संविधान की मूल भावना के अनुरूप है।संविधान बदलने के विपक्षी नैरेटिव को पूरी तरह खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान में सबसे अहम देश की एकता, अखंडता और जनहित है। उनकी सरकार के हर काम इसी दिशा में हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस के मुंह में संविधान की अवहेलना का खून लग चुका है। विपक्षी पार्टी अपने माथे से आपातकाल का पाप नहीं मिटा सकती है। कांग्रेस की ओर से वक्ताओं ने मोदी सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था। प्रधानमंत्री ने गिनाया कि 1951 में नेहरू की अंतरिम सरकार से लेकर मनमोहन सिंह के कार्यकाल और उसके बाद भी गांधी परिवार के व्यक्ति ने संविधान को तार-तार किया।नेहरू ने तभी संविधान में संशोधन कर दिया था, जब उनकी सरकार चुनी भी नहीं गई थी। नेहरू ने राज्यों को पत्र लिखकर कहा कि अगर संविधान हमारे रास्ते में आएगा तो उसे भी बदल देना चाहिए। कांग्रेस के इस पाप पर देश चुप नहीं था। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने चेताया कि यह गलत हो रहा है।स्पीकर ने भी गलत बताया,रकिंतु नेहरू का अपना संविधान चलता था। उन्होंने यह पाप किया। जो विष नेहरू ने बोया था, उसे इंदिरा ने भी 1975 में आगे बढ़ाया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संविधान बदलकर संसद की मर्जी को सर्वोपरि कर दिया। अदालत के पंख काट दिए। संविधान के 25 साल हुए तो इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगाकर सभी स्वतंत्रता छीन ली।

### 『सुविचार』

अगर भाग्य पर भरोसा है तो जो तक़दीर में लिखा है वही पाओगे,
और अगर खुद पर भरोसा है तो, जो चाहोगे वही पाओगे.

### संक्षिप्त समाचार

#### कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी के भाषण पर प्रतिक्रिया दी।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा में दिए गए 110 मिनट से अधिक लंबे भाषण को उबाऊ करार दिया। उन्होंने कहा,यह स्कूल में गणित के डबल पीरियड में बैठने जैसा था।

उन्होंने पीएम के 11 संकल्पों को खोखला बताते हुए कहा कि अगर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस है तो भाजपा अदाणी मुद्दे पर चर्चा के लिए सहमत क्यों नहीं होती? प्रधानमंत्री के भाषण पर पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए प्रियंका ने संवाददाताओं से कहा, "पीएम ने एक भी ऐसी बात नहीं कही जो नई हो। उन्होंने हमें बोर कर दिया। उनका भाषण मुझे कई दशक पीछे ले गया।

मुझे ऐसा लगा जैसे मैं गणित के उस डबल पीरियड में बैठी हूं।"उन्होंने कहा कि पीएम के भाषण के दौरान जेपी नड्डा भी हाथ मल रहे थे लेकिन जैसे ही मोदी ने उनकी तरफ देखा, उन्होंने ऐसा अभिनय करना शुरू कर दिया जैसे वे बड़े ध्यान से सुन रहे हों।

अमित शाह ने भी सिर पर हाथ रखा हुआ था जबकि पीयूष गोयल सोने जा रहे थे। प्रियंका ने कहा कि मेरे लिए यह एक नया अनुभव था। मैंने सोचा था कि पीएम कुछ नया, कुछ अच्छा कहेंगे।

## गगनयान मिशन में इसरो की एक और उपलब्धि...




**बेंगलुरु।** गगनयान मिशन की तैयारी कर रहे इसरो ने एक और उपलब्धि हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को घोषणा की कि पहले मोटर सेगमेंट को प्रक्षेपण परिसर में पहुंचाया गया है। इससे पहले इसरो ने अंतरिक्षयात्रियों को समुद्र के रास्ते सुरक्षित वापस लाने के लिए नौसेना के साथ मिलकर छह दिसंबर को 'वेल डेक' रिकवरी परीक्षण किया था। वेल डेक' ऐसे जहाज को कहते हैं जिसमें पानी भरा जा सकता है ताकि नावों, अंतरिक्षयान को जहाज के भीतर ले जाया जा सके।इसरो ने एक्स पर पोस्ट किया, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान के सपने आकार ले रहे हैं! गगनयान मिशन के लिए मील का पत्थर! पहले सालिड मोटर सेगमेंट को उत्पादन संयंत्र से लांचिंग परिसर में पहुंचाया गया है।यह एचएलवीएम3 जी1 उड़ान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है। इसके तहत तीन अंतरिक्षयात्रियों को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किमी की कक्षा में भेजा जाएगा और उन्हें भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जाएगा। मिशन के जरिये भारत अंतरिक्षयात्रियों को अंतरिक्ष में भेजने और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने की क्षमता प्रदर्शित करेगा।इसरो के सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का परीक्षण किया गया है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा, इसरो ने 29 नवंबर को इसरो प्रोपल्शन कांप्लेक्स, महेंद्रगिरि, तमिलनाडु में सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का समुद्र स्तर पर हाट टेस्ट किया है। यह सफलता भविष्य के मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। परीक्षण के दौरान, इंजन का प्रदर्शन सामान्य था। इंजन ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया।

## मणिपुर में नहीं थम रहा बवाल




नई दिल्ली। मणिपुर में हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही है। जातीय हिंसा से झुलस रहे पूर्वोत्तर राज्य के काकचिंग जिले में शनिवार को हमलावरों ने बिहार के दो प्रवासी श्रमिकों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि यह वारदात शाम करीब 5.20 बजे काकचिंग-वाबागई रोड पर केइराक में पंचायत कार्यालय के पास हुई। मृतकों की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के राजवाही गांव के 18 वर्षीय सुनालाल कुमार और 17 वर्षीय दशरथ कुमार के रूप में की गई। दोनों निर्माण श्रमिक थे और मैतेयी के प्रभुत्व वाले काकचिंग में किराये के मकान में रहते थे। इससे पहले मई में इंफाल पश्चिम जिले में झारखंड के तीन मजदूरों को घर से बाहर खींचकर हमलावरों ने गोलियां मारी थीं। इनमें से एक मजदूर की मौत हो गई थी, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे।थौबल जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक उग्रवादी मारा गया और उसके गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने सालुंगफाम में एक कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन रुकने के बजाय, उसमें सवार लोगों ने गोलियां चला दीं। अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। छह अन्य को लिलोंग पुलिस स्टेशन भेज दिया गया।

## बिहार में स्वास्थ्य विभाग में बंपर भर्ती का एलान




**पटना।** स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही बंपर नियुक्ति होगी। राज्य सरकार 41 हजार से अधिक पदों पर बहाली प्रक्रिया शुरू करेगी। इसके लिए अधियाचना भेजी जा चुकी है। शनिवार को विकास भवन में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के बाद मंत्री मंगल पांडेय ने यह जानकारी दी। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की और जल्द से जल्द नियुक्तियों को पूरा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न प्रशाखाओं से संकलित की गई रिक्तियों की कुल संख्या 43 हजार 838 है, जिसमें से 41 हजार 755 की अधियाचना भेजी जा चुकी है।बिहार कर्मचारी चयन आयोग को कुल 69, बिहार लोक सेवा आयोग को 1943, बिहार तकनीकी सेवा आयोग को 36 हजार 186 और बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद को 2537 अधिसूचना भेजी जा चुकी है। इसकी नियुक्ति प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने आयुष चिकित्सकों की लंबित वेतन भुगतान पर चर्चा की और इस मामले में तेजी लाने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

## सीएम योगी ने अनंत अंबानी को महाकुंभ का निमंत्रण दिया।





सीएम योगी आदित्यनाथ ने अंबानी परिवार को कुंभ में आने का न्योता दिया। महाराष्ट्र के मुंबई पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने यह न्योता मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी को दिया। योगी ने अनंत को महाकुंभ 2025 लिखा आमंत्रण कार्ड दिया। साथ ही महाकुंभ का पटका भी पहनाया। वहीं, दूसरी ओर अनंत अंबानी ने भी योगी का साल ओढ़ाकर सम्मान किया।योगी जियो कन्वेंशन सेंटर में विश्व हिंदू आर्थिक मंच के वार्षिक सम्मेलन में भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पहली सदी से लेकर 15वीं सदी तक दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 40 फीसदी से अधिक थी। यूरोप से जुड़े विद्वान भी इस बात को स्वीकार करते हैं। सब कुछ हमारे पास है। एक आज का भारत है जो अपनी श्रम शक्ति का सम्मान करता है। दूसरा वो भी समय था जब ऐसे श्रमिकों के हाथ काटकर जीवंत कला को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया। योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ-2025 को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी तैयारी में है। शनिवार को बेंगलुरु में आयोजित भव्य रोड शो आयोजित किया गया। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने कर्नाटक के राज्यपाल थावर चंद गहलोत, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और जनता को महाकुंभ का न्योता दिया। उन्होंने महाकुंभ को भारत की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक चेतना का सबसे बड़ा पर्व बताते हुए इसे दिव्य, भव्य और डिजिटल बनाने की प्रतिबद्धता जताई। मीडिया से बातचीत में यूपी के मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि महाकुंभ में 45 करोड़ श्रद्धालुओं, साधु-संतों और पर्यटकों के आने की संभावना है। इसे स्वच्छ, हरित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है। तीन लाख पौध रोपण किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं में 100-बेड का अस्पताल, आईसीयू और विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुंभ का आयोजन ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का उत्सव होगा। उन्होंने इसे भारतवर्ष की विविधता में एकता का जयघोष बताया।

## नोएडा में यमुना एक्सप्रेस-वे पर किसानों का हंगामा




**नोएडा** जेवर क्षेत्र में स्थित यमुना एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र के कार्यकताओं ने शनिवार को क्षेत्र के किसानों के वाहनों के टोल फ्री की मांग को लेकर हंगामा किया। किसानों का कहना कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान होता है। वह इसी तरह प्रदर्शन करते रहेंगे।आरोप है कि पिछले कई वर्षों से वह मांग करते आ रहे हैं। लेकिन संबंधित विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि जिनकी जमीन यमुना एक्सप्रेस-वे में गई है। उनको भी टोल देना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षों से किसान मांग करते आ रहे हैं कि जो स्थानीय किसान है। उनको आधार कार्ड के आधार पर वाहनों के टोल फ्री की सुविधा दी जाए। लेकिन शिकायत के बाद भी समस्या को समाधान नहीं हो रहा है।इसकों लेकर किसानों में भारी रोष है। आज उसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन भूमि पुत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप के नेतृत्व में सैकड़ों किसान टोल प्लाजा पर पहुंचे। जिन्होंने वहां पर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारी लापरवाही बरत रहे हैं। जिनका किसानों की समस्याओं की तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिसके चलते किसान काफी परेशान हैं। जिन्होंने अपनी बेशकीमती जमीन को एक्सप्रेस-वे के लिए दिया है। उसके बावजूद भी उनको भारी टोल देने को मजबूर होना पड़ता है। धरना दे रहे किसानों का कहना है कि वह लोकल है उसके बावजूद भी उनको यमुना एक्सप्रेस-वे पर टोल देने को मजबूर होना पड़ता है। जिसको लेकर उन्होंने प्रदर्शन किया है समाचार लिखे जाने तक कोई भी संबंधित विभाग का अधिकारी किसानों के बीच वार्ता करने के लिए नहीं आया। किसानों का कहना है कि समस्याओं का समाधान नहीं होता है। तब तक वह इसी तरह प्रदर्शन करते रहेंगे।

# दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों की न्याय व्यवस्था पर उठते सवाल

मनोज कुमार अग्रवाल

**अतुल ने जो कदम उठाया वह उचित नहीं ठहराया जा सकता है बेहतर होता कि वह न्यायालय के भ्रष्टाचार को किसी तरह प्रूफ बना कर उजागर करता और अपने माता-पिता के बुढ़ापे का भी ख्याल करता सिर्फ रील बनाने या 23 पेज का बयान लिखकर जान गंवाने से बेहतर था कि वह अपना संघर्ष जारी रखता। एक इंजीनियर होने के बावजूद उसने अपने जीवन का फैसला बेहद गलत किया क्योंकि जीवन खत्म करने के बाद कोई न्याय प्रतिपूर्ति नही कर सकता है।**

देश में बनने वाला हर कानून नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, ताकि हर पीड़ित को इंसाफ और उसका हक मिल सके। महिलाओं के साथ होने वाले तमाम तरह के अपराधों, शारीरिक-मानसिक शोषण, प्रताड़ना और हिंसा से उन्हें बचाने के लिए उन्हें कई कानूनी कवच दिए गए हैं, इससे उनकी स्थिति पहले से मजबूत हुई है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में महिलाओं की सुरक्षा के लिए बनाएं गए कानूनों का दुरुपयोग बढ़ा है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानून व्यक्तिगत प्रतिशोध के लिए हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे है। असंतुष्ट पत्नियां दहेज विरोधी कानून का भी दुरुपयोग धड़ल्ले से कर रही हैं।

ऐसी घटनाएं वास्तव में देखने को मिली हैं कि पति से संबंध तोड़ने से पहले नाराज पत्नियां हिंसा और उत्पीड़न का इल्जाम न सिर्फ पति के पूरे परिवार, बल्कि दूरदराज के रिश्तेदारों पर भी लगा देती हैं। अकसर ऐसे आरोप कोर्ट में सिद्ध नहीं होते, मगर उसके पहले आरोपी बनाए गए व्यक्तियों को कोर्ट-कचहरी की प्रक्रिया के दौरान लंबी परेशानी से गुजरना पड़ता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जिसने इस कानून के दुरुपयोग को उजागर किया है। परिवार की कलह से तंग आ चुके एक एआई इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली है, जिसने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। दरअसल सोशल मीडिया पर एक घंटा 20 मिनट का यह वीडियो वायरल हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) इंजीनियर अतुल सुभाष ने इस वीडियो को रिकॉर्ड करने के बाद बेंगलुरु स्थित अपने घर में फांसी लगा ली थी। वीडियो में अतुल ने पत्नी की ओर से दर्ज कराए गए दहेज प्रताड़ना के आरोप से पैदा हुई परिस्थितियों पर अपनी बात रखी है। उन्होंने लिखा है कि उनकी पत्नी और ससुराल वाले उनके ही पैसे से उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। उनका आरोप है कि उनकी पत्नी उन्हें उनके बेटे से न मिलने देती है और न ही फोन पर बात कराती है। अतुल ने 24 पत्रों का एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें अपनी पत्नी के साथ-साथ ससुराल वालों के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सुभाष के मामले ने दहेज कानून के दुरुपयोग पर बहस शुरू कर दी है। मूल रूप से बिहार के समस्तीपुर जिले का रहने वाला अतुल अपनी नौकरी के चलते बेंगलुरु में रहता था। उनका ससुराल उत्तर प्रदेश के जौनपुर में था। उसने अपने सुसाइड नोट में पत्नी, ससुराल वालों और एक



न्यायाधीश पर आत्महत्या, उत्पीड़न, जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के लिए उकसाने का आरोप लगाया। ससुरालवालों पर आरोप है कि उन्होंने झूठा मामला दर्ज कराया और मामले के निपटारे के लिए 3 करोड़ रुपये देने की मांग की थी। आरोप है कि अतुल ने मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या जैसा घातक कदम उठा लिया। सुसाइड नोट के हर पन्ने पर न्याय मिलना चाहिए लिखा है। पत्नी निकिता और ससुराल वालों के साथ-साथ सुभाष ने जौनपुर में एक पारिवारिक न्यायालय के जज पर भी उनकी सुनवाई न करने का आरोप लगाया है। सुभाष ने अपने कथित उत्पीड़न को बताने के लिए एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। इसमें परिजनों से कहा गया है कि न्याय मिलने तक उनकी अस्थियों को विसर्जित न किया जाए। नोट में चार साल के बेटे के लिए भी एक संदेश था जिसे अतुल ने अलग से रखा था। नोट में अतुल ने अपने माता-पिता को उनके बच्चे की कस्टडी देने की भी मांग की। नोट और वीडियो का लिंक एक एनजीओ के व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजा गया था, जिससे अतुल जुड़े हुए थे। सुभाष ने अपने नोट में आरोप लगाया कि पत्नी निकिता सिंघानिया ने उनके खिलाफ हत्या, यौन उत्पीड़न, पैसे के लिए उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और दहेज सहित नौ मामले दर्ज कराए थे। दरअसल दहेज कुप्रथा को रोकने के लिए हमारे देश में कई कानून बनाए हैं। असहाय महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए कानून बनाने पर जोर दिया गया था। इसके चलते दहेज निषेध अधिनियम, 1961 बना। दहेज की मांग के बाद घरेलू हिंसा की घटनाएं भी सामने आती रही हैं ऐसे में 'घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पारित किया गया। इसके साथ ही पुरानी आईपीसी में दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए कई प्रावधान किए गए थे। आईपीसी की धारा 498 दहेज से पहले और बाद में किसी भी रूप में उत्पीड़न को दंडनीय और गैर-जमानती बनाती है। 1983 में संसद द्वारा एक आपराधिक अधिनियम 'आईपीसी 498 ए' पारित किया था जो कहता था कि दहेज वसूलने के लिए की गई क्रूरता पर तीन या अधिक वर्षों की अवधि की सजा और जुमार्ना देना होगा। दहेज उत्पीड़न और दहेज हत्याओं को रोकने के लिए आईपीसी 1961 में एक नई धारा' आईपीसी 304 बी' जोड़ी गई। आईपीसी 304 बी में 'दहेज हत्या' का जिक्र है। भारतीय दंड संहिता की धारा 304 बी में कहा गया है कि अगर किसी महिला की शादी के सात साल के भीतर किसी भी प्रकार के जलने या शारीरिक चोट से मृत्यु हो जाती है या यह पता चला है कि उसकी मृत्यु से पहले वह अपने पति या पति के किसी अन्य रिश्तेदार द्वारा क्रूरता या उत्पीड़न के संपर्क में थी और इसका दहेज मांगने से संबंध है तब महिला की मृत्यु को दहेज मृत्यु माना जाएगा। दहेज हत्या के लिए सजा सात साल के कारावास की न्यूनतम सजा या आजीवन कारावास की अधिकतम सजा है। कानून पारित होते ही दहेज उत्पीड़न के हजारों मामले दर्ज होने लगे। कई बार यह विवाहित महिला के लिए सुरक्षा के बजाय हथियार बन गया जिस पर समय-समय पर अदालतों ने भी चिंता जताई। अतुल का मामला सामने आने के बाद एक बार फिर से शीर्ष न्यायालय ने चिंता जतायी है। सुप्रीम कोर्ट में एक अलग मामले में महिलाओं द्वारा अपने पतियों के खिलाफ दर्ज कराए गए वैवाहिक विवाद के मामलों में क्रूरता कानून के दुरुपयोग के खिलाफ चेतावनी दी। अदालत ने कहा है कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में अदालतों को कानून का दुरुपयोग रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए और पति के सगे-संबंधियों को फंसाने की प्रवृत्ति को देखते हुए निर्दोष परिवार के सदस्यों को अनावश्यक परेशानी से बचाना चाहिए। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवाद से उत्पन्न आपराधिक मामले में परिवार के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी को इंगित करने वाले विशिष्ट आरोपों के बिना उनके नाम का उल्लेख शुरू में ही रोक दिया जाना चाहिए। हाल के वर्षों में देश भर में वैवाहिक विवादों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, साथ ही विवाह संस्था के भीतर कलह और तनाव भी बढ़ रहा है, जिसके परिणामस्वरूप, आईपीसी की धारा 498 ए (पत्नी के खिलाफ पति या उसके रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता) जैसे प्रावधानों का दुरुपयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है, ताकि पत्नी द्वारा पति और उसके परिवार के खिलाफ व्यक्तिगत प्रतिशोध को बढ़ावा दिया जा सके। देखा जाए तो जरूरत है कि इस कानून की समीक्षा की जाए। ऐसा नहीं है कि महिलाओं पर उत्पीड़न कम हो गया है और सभी मामले झूठे दर्ज कराए जाते हैं, लेकिन कुछ झूठे मामले जरूर सामने आ रहे हैं। इन कानूनों का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा है। लेकिन इसे संतुलित रूप से लागू करना होगा, ताकि इनके दुरुपयोग को रोका जा सके।

अतुल ने जो कदम उठाया वह उचित नहीं ठहराया जा सकता है बेहतर होता कि वह न्यायालय के भ्रष्टाचार को किसी तरह प्रूफ बना कर उजागर करता और अपने माता-पिता के बुढ़ापे का भी ख्याल करता सिर्फ रील बनाने या 23 पेज का बयान लिखकर जान गंवाने से बेहतर था कि वह अपना संघर्ष जारी रखता। एक इंजीनियर होने के बावजूद उसने अपने जीवन का फैसला बेहद गलत किया क्योंकि जीवन खत्म करने के बाद कोई न्याय प्रतिपूर्ति नही कर सकता है।

## संपादकीय

### बन गई बात

एक देश-एक चुनावव्ह को लागू करने संबंधी विधेयकों को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दे दी, मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। सरकार विधेयकों पर व्यापक विचार-विमर्श करने को इच्छुक है। जिन्हें संसदीय समिति को भेजे जाने की संभावना है। सरकार विभिन्न विधानसभाओं के अध्यक्षों से परामर्श करने की इच्छुक है। इसमें विधानसभाओं को भंग करने और एकसाथ चुनाव शब्द को सम्मिलित करने के लिए अनुच्छेद 327 में संशोधन करने से संबंधित प्रावधान भी है। सिफारिश में कहा गया है, विधेयक को कम से कम 50 फीसद राज्यों से अनुमोदित करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक अन्य विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों व पुडुचेरी, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर से सबंधित तीन कानूनों के प्रावधानों में संशोधन करने वाला सामान्य विधेयक होगा। अपने देश में एक चुनाव की बात अनूठी नहीं है। क्योंकि आजादी के बाद के वर्षो में भारत में एक ही चुनाव होता था। यानी सभी राज्यों के विधानसभा व लोक सभा चुनाव साथ हुआ करते थे। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही विभिन्न मौकों पर देश भर में एक चुनाव कराने की बात करते रहे हैं। हालांकि भारत में एक चुनाव कराना सरकार के लिए आसान नहीं है, परंतु प्रधानमंत्री चाहते हैं राज्यों व केंद्र में साथ में चुनाव हों ताकि संसाधनों व धन का अपव्यय रोका जा सके। अभी साल में कई दफा देश में कहीं-न-कहीं चुनाव हो रहे होते हैं; जिन पर राजनीति होती रहती है, चुनाव आयोग व सुरक्षा तंत्र व्यस्त रहता है। विपक्ष को बार-बार उंगली उठाने का मौका मिलता है। सरकार की दलील है कि एक देश-एक चुनाव से राजकोष में बचत होगी। आचार संहिताओं के चलते विकास परियोजनाओं में रुकावटें नहीं आएंगी। चुनाव के दौरान काले धन के उपयोग के आरोपों से निपटने में एजेंसियों को सुविधा होगी। हालांकि इसका विरोध करने वाले कहते हैं कि देश भर में जितने संसाधनों की जरूरत होगी, उसके लिए सरकार को बजट बढ़ाना होगा। देश के तमाम क्षेत्रीय व छोटे दलों के लिए एक साथ चुनाव का भारी नुकसान हो सकता है। जैसा कि हम जानते हैं, विधानसभा व लोक सभा चुनाव के मुद्दे काफी अलग होते हैं। एक ही चुनाव होने पर इनका पैटर्न बदल जाएगा। क्षेत्रीय दलों के लिए बड़ी राजनीतिक पार्टियों से मुकाबला करना दूभर हो सकता है, परंतु जैसा कि 62 दलों में से 32 चुनाव के पक्ष में हैं। 15 ने विरोध किया है। इसलिए सरकार आम सहमति बनाने का भरसक प्रयास करे।

## चिंतन-मनन

### बाहरी विकार

एक व्यक्ति संन्यासी के पास पहुंचा और बोला, बाबाजी! मुझे परमात्मा से मिला दो। संन्यासी ने बात टालनी चाही। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। संन्यासी ने उसकी भावना परखने की दृष्टि से कहा, भगवान से मिलना है तो कल आना होगा। दूसरे दिन फिर यही उत्तर मिला। लेकिन वह निराश नहीं हुआ, निरन्तर आता रहा। संन्यासी ने देखा,इसे शब्दों से समझाना कठिन है। आखिर उसे एक युक्ति सूझी। कहा, परमात्मा से मिलने के लिए तो ऊपर चढ़ना होगा। उसने स्वीकृति दे दी। संन्यासी ने उसके सिर पर पांच बड़े-बड़े पत्थर रखे और पहाड़ की चढ़ाई पर चढ़ने के लिए कहा। दो चार कदम चला होगा कि उसकी सांस फूलने लगी और वह वहीं रूक गया।

संन्यासी बोले, यहां बैठने से भगवान नहीं मिलेंगे। वह साहस बटोरकर चला, लेकिन असफल रहा। संन्यासी ने उसके सिर पर से एक पत्थर उतार दिया। वह कुछ दूर चला फिर रूक गया। चलते-चलते पांचों पत्थर नीचे गिरा दिए गए। वह पहाड़ की चोटी पर पहुंच गया।

संन्यासी बोला- समझे या नहीं।

उसने उत्तर दिया- मैं कुछ नहीं समझा। आप समझा दीजिए।

संन्यासी- जब तक तुम्हारे सिर पर पत्थर थे, तुम चल नहीं सके और हल्के होकर चोटी तक पहुंच गए। इन बाहरी पत्थरों में भी इतनी शक्ति है तो हमारे भीतर काम, प्रोध, मद, लोभ और भय रूप जो पांच बड़े-बड़े पत्थर हैं, उनको उतारे बिना भगवान तक कैसे पहुंचोगे? इसलिए इन पाषाणों से हल्का बनने के लिए साधुओं का सान्निध्य पाना आवश्यक है।

# जनहित के लिए संविधान पर प्रियंका का पहला भाषण



डॉ हिदायत अहमद खान

अधिकांश नेताओं के राजनीतिक भाषण अक्सर लोकलुभावन वादों से परिपूर्ण सुनहरे सपने दिखाने वाले होते हैं। इससे परे जब बात संसद में भाषण देने की होती है तो सत्यता के साथ तथ्यात्मकता, गंभीरता और जिम्मेदारी का ध्यान रखा जाता है। इस आधार पर संसद के शीतकालीन सत्र में संविधान पर चर्चा के दौरान वायनाड सांसद प्रियंका गांधी द्वारा दिया गया भाषण वाकई काबिले जिक्र है। इस पर चर्चा इसलिए भी जरुरी हो जाती है क्योंकि प्रियंका का यह लोकसभा में दिया गया पहला भाषण था। इसके जरिए प्रियंका गांधी ने जहां सत्तारूढ़ सरकार पर तीखा हमला बोला वहीं उन्होंने संविधान की अहमियत और जनता के अधिकारों की रक्षा पर भी प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी। यही वजह है कि उनके भाषण की तारीफ विपक्ष के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने मुक्तकंठ से की है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने तो उनके भाषण को स्वयं द्वारा संसद में दिए गए पहले भाषण से बेहतर बताया है, जबकि राहुल और प्रियंका गांधी की मॉ और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इसे एक्सीलेंट कहा है। यही नहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी प्रियंका की स्पष्टता और साहसिक वक्तव्य की सराहना की है। यहां सवाल यह उठता है कि आखिर प्रियंका ने अपने पहले भाषण में ऐसा क्या कहा जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। दरअसल प्रियंका ने संविधान पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि वर्तमान सरकार ने देश में भय का ऐसा वातावरण बना दिया है, जैसा अंग्रेजों के राज में था। यह तो सभी कहते आ रहे हैं और इसमें नया कुछ भी नहीं है, लेकिन जिस मंच से यह बात उठाई गई औरजिस प्रभावी ढंग से रखी गई वही इसे विचारणीय बना देती है। इस बात को उन्होंने प्रभावी ढंग से कहा, कि आज का राजा आलोचनाओं से डरता है। विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है। जनता के बीच जाने का साहस नहीं है। देश के वर्तमान हालात का नक्शा खींचते हुए प्रियंका गांधी ने सरकार पर विभाजनकारी नीतियां अपनाने का जहां आरोप लगाया वहीं उन्होंने भाईचारे को तोड़ने जैसे कार्य किए जाने का भी उल्लेख किया। उन्होंने संविधान की एहमियत को रेखांकित किया और संविधान को देश का सुरक्षा कवच बताया। संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं, बल्कि न्याय, अभिव्यक्ति और आकांक्षा की ज्योत है। यह संविधान ही है जिसने हर भारतीय को अपनी आवाज उठाने और सरकार को जवाबदेह बनाने का अधिकार दिया है। लेकिन, आज की सरकार इन अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। प्रियंका इसका उदाहरण देती हुई कहती हैं कि सरकार निजीकरण और लेटरल एंट्री के जरिए आरक्षण को खत्म करने की कोशिश कर रही है। भाषण में तीखापन लाते हुए वो कह जाती हैं कि प्रधानमंत्री संविधान को माथे से लगाते हैं, लेकिन जब मणिपुर और संभल में न्याय की गुहार उठती है, तो उनके माथे पर शिकन तक नहीं आती। देश के विभिन्न हिस्सों में जारी हिंसा पर सरकार की निष्क्रियता को लेकर सभी मंचों से आवाज उठती रही है और लगातार सरकार को घेरा जाता रहा है, लेकिन प्रियंका ने जिस तरह से इस बात को रखा उसकी चर्चा भी हो रही है। वो कहती हैं कि संविधान ने हमें एकता दी है, लेकिन आज इसे कमजोर किया जा रहा है। वाकई संविधान तो विभिन्नता में एकता का सूत्र देता है, जिस कारण दुनियां में देश की अलग पहचान बनती है और विकास की गाथा इसी आधार पर लिखी जाती है, जिसकी चर्चा पड़ोसी देश भी करते देखे जाते हैं। देश में मौजूद समस्याओं को जिस अंदाज में उठाया गया है, वह भी उल्लेखनीय हो गया है। प्रियंका गांधी ने किसानों और मजदूरों की समस्याओं पर सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उनका कहना था कि कृषि कानून उद्योगपतियों के लिए बनाए जा रहे हैं। हिमाचल में सेब के किसान रो रहे हैं। वायनाड से लेकर ललितपुर तक किसान परेशान हैं। इसके साथ ही उन्होंने बेरोजगारी और महंगाई से जूझ रही जनता का सवाल रखा और बताया कि सरकार कोई राहत नहीं दे रही है। इन सभी के साथ मौजूदा सरकार ने जिस तरह से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरु को मौजूदा परेशानियों और समस्याओं का जिम्मेदार ठहराने वाला तकियाकलाम अपना रखा है, उसका भी प्रियंका ने वाजिब सवालिया जवाब दे दिया है। इस प्रकार प्रियंका ने अपने पहले भाषण में जहां संविधान के महत्व को रेखांकित किया वहीं उन्होंने देश की ज्वलंत समस्याओं से भी अवगत कराते हुए सरकार को उसकी अपनी जिम्मेदारी याद दिलाने का भी बेहतर काम कर दिखाया है। अब देखना यह होगा कि इस चर्चा के बाद सरकार अपने फैसलों और नितियों के साथ कार्यों के जरिए किस तरह से जवाब देती है। आखिर जिसके हाथों में देश की दशा और दिशा की तय करने की शक्ति है, उससे बेहतर परिणाम की आशा तो रखनी ही चाहिए।

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?



ललित गर्ग

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मालेर्ना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है। आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी।

## संक्षिप्त डायरी

### विद्युत विभाग के लापरवाही की भेंट चढ़ी किसान की लाखों रुपए की गन्ने की फसल जलकर हुई राख



संस्कार उजाला
**रिपोर्टर भूपेंद्रवर्मा**
**गढ़मुक्तेश्वर**/ जनपद की तहसील गढ़मुक्तेश्वर के सिंभावली थाना क्षेत्र के गांव खागोई में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते किसान की चार बीघा गन्ने की फसल जलकर हुई राख। पीड़ित किसान मुकेश सैनी ने बताया कि उसकी गन्ने की फसल के ऊपर से विद्युत विभाग के तार गुजर रहे हैं। जो काफी नीचे झूल रहे हैं। जिनकी कई बार विद्युत विभाग के आला अधिकारियों से लाइन को सही करने को लेकर शिकायत की जा चुकी है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई है। जिसके चलते उसकी चार बीघा लाखों रुपए की गाने की फसल जलकर राख हो गई। वहीं विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते गन्ने की फसल में आग लगने को लेकर ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है।

### श्रम विभाग प्रवर्तन अधिकारी उषा वर्मा के द्वारा श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन हेतु कैंप का किया आयोजन

संस्कार उजाला
**हापुड़**/उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर सहायक श्रम आयुक्त सर्वेश कुमारी के दिशा निर्देशन में श्रम विभाग प्रवर्तन अधिकारी उषा वर्मा के नेतृत्व में श्रम विभाग की टीम के द्वारा जी एस मेडिकल कालेज पिलखुवा चेतना ब्रिक फील्ड चितौली एवं रिलायंस प्रोजेक्ट निर्माण क्षेत्र पर निर्माण श्रमिकों के रजिस्ट्रेशन हेतु कैंप का आयोजन किया गया। और श्रमिकों को श्रम विभाग की और से मिलने वाली योजनाओं का प्रचार प्रचार किया गया। साथ ही भवन निर्माण के मजदूरों को श्रम एविभाग की योजना के प्रति जागरूक करते हुए श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन करने के लिए भी प्रेरित किया।

### कड़ाके की सर्दी के शुरू हो जाने के कारण शाहजहांपुर जेल में निरोध अनेक ऐसे बंदी जो के बुजुर्ग हैं



संस्कार उजाला
**जनपद शाहजहांपुर** जेल गरीब हैं या जरूरतमंद है और उनके पास उनके घर से सर्दी से बचने के लिए पर्याप्त कपड़े नहीं उपलब्ध कराये गए हैं। ऐसे बंदियों को कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए समाजसेवी एवं व्यवसायी श्री यासीन मलिक के द्वारा ऐसे बंदियों को 200 गरम कंबल भेंट किए गए। सभी बंदी कम्बल पाकर बहुत खुश हुए और उनके चेहरे खिले हुए नजर आए। इस अवसर पर व्यवसायी श्री राजेश यादव व अन्य लोग भी उपस्थित थे। जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने श्री यासीन मलिक व श्री राजेश यादव का आभार प्रकट किया। तथा बंदियों को आश्वस्त किया कि किसी भी बंदी को कपड़ों की कमी नहीं होने दी जाएगी जिसके लिए अनेक समाज सेवी संस्थाओं व समाज सेवियों से सम्पर्क कर मदद करने का अनुरोध किया गया है। शीघ्र ही कम्बलों के साथ साथ जैकेट,मौजे,कैप, जूते चप्पल आदि भी उपलब्ध कराई जाएगीं।

### देर रात किए गए हत्याकांड से क्षेत्र में फैली सनसनी, मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स सहित जांच एजेंसी



संस्कार उजाला
**खुटार** शनिवार को क्षेत्र के गांव टाहखुर्द कलां के रहने वाले 40 वर्षीय युनूस पुत्र अख्तर घर में पत्नी शमीम बानो, छह वर्षीय बेटे अलीशान के साथ रहता था। दो बच्चे दिल्ली में रह कर काम करते हैं। रोजाना सुबह होते ही युनूस अपने काम पर यानि मजदूरी करने निकल जाता था। घर में बच्चे के साथ अकेले पत्नी शमीम बानो रह जाती थी। इसी का फायदा उठाते हुए पत्नी का उसकी के गांव के ही एक युवक से प्रेमप्रसंग चलने लगा। आये दिन प्रेमी पत्नी से मिलने आता जाता रहता था। इसी प्रकार शुक्रवार रात करीब 12 बजे शमीम बानो के बुलावे पर प्रेमी घर पहुंच गया। आहट होने पर युनूस की आंख खुल गई। उसने शोर मचाने की कोशिश की तो पत्नी व प्रेमी ने ईंट उठाकर युनूस के सिर पर ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। ईट लगने से यूनूस लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। इस घटनाक्रम को छह वर्षीय बेटा अलीशान अपनी आंखों से देखता रहा, लेकिन डर की वजह से वह चुपचाप चारपाई पर सोने का नाटक करता रहा। जोकि घटना का मुख्य गवाह बना गया। इधर घटना के बाद प्रेमी मौके से फरार हो गया। सुबह होने पर पत्नी ने पति की मौत पर बिलखना शुरू किया। पत्नी को रोता बिलखता देख मोहल्ले के लोग इकठ्ठा होने लगे। मासूम आलीशान ने खोल दी हत्या कांड की गुत्थी मृतक युनूस। की हत्याकांड में संलिप्त हत्यारोपी प्रेमी पुलिस की गिरफ्त में है।हत्या को हादसे में बदलने का किया प्रयास रात में प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या करने वाली शमीम बानो का मकान बन रहा है। पति की हत्या के बाद उसने शव को दीवार और ईंट के लगे चट्टे के बीच खाली पड़ी जगह पर डाल दिया और ईंट का चट्टा पति के ऊपर गिरा दिया, जिससे की यह साबित हो की अचानक हादसे में युनूस की मौत हो गई लेकिन छह वर्षीय आलीशान ने मां की करतूत का पदार्फाश कर दिया

## सुरेश चव्हाण धर्मांतरण, लव जिहाद, और गोहत्या जैसे मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखते हैं। रविंद्र आर्य




संस्कार उजाला
**रिपोर्ट: रविंद्र आर्य**
**दिल्ली:** सुदर्शन न्यूज चैनल के प्रमुख संचालक सुरेश चव्हाण के एक चर्चित और विवादास्पद व्यक्तित्व हैं, जो अपने हिंदू राष्ट्रवाद और विवादास्पद बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। उनका मुख्य फोकस हिंदुत्व और उससे जुड़े मुद्दों को अपने चैनल के माध्यम से उजागर करना है।

**जीवन परिचय**

सुरेश चव्हाणके का जन्म महाराष्ट्र में हुआ। वे प्रारंभ से ही हिंदुत्व विचारधारा के प्रति समर्पित रहे हैं। उन्होंने पत्रकारिता में अपने करियर की शुरूआत करते हुए सुदर्शन न्यूज चैनल की स्थापना की, जो विशेष रूप से हिंदू विचारधारा और राष्ट्रवादी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करता है।

**हिंदुत्व और राष्ट्रवाद**

सुरेश चव्हाणके हिंदुत्व के फंडामेंटल को लेकर मुखर रहते हैं। वे अक्सर धर्मांतरण, लव जिहाद, और गोहत्या जैसे मुद्दों पर अपनी राय खुलकर रखते हैं। उन्होंने कई बार ऐसे विषय उठाए हैं जो भारतीय समाज में चर्चा और विवाद का कारण बने हैं। उनके अनुसार:हिंदू एकता: उनका मानना है कि हिंदू समाज को एकजुट होकर देश विरोधी ताकतों का सामना करना चाहिए। धर्म और संस्कृति की रक्षा: सुरेश चव्हाणके भारतीय संस्कृति और धर्म को बचाने की जरूरत पर जोर देते हैं। राष्ट्रवाद: वे खुद को एक सच्चे देशभक्त मानते हैं और हमेशा ₹राष्ट्र प्रथम₹ के सिद्धांत का समर्थन करते हैं।

**विवाद और आलोचनाएँ**

1उनके चैनल और बयान कई बार विवादों में रहे हैं। उनके आलोचक उन्हें ध्रुवीकरण और सांप्रदायिक तनाव फैलाने का दोषी मानते हैं। कुछ लोग उनके कार्यक्रमों को भड़काऊ और असंवेदनशील मानते हैं।

**प्रेरणा और योगदान**

सुरेश चव्हाणके के अनुसार, उनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व को पुनर्जीवित करना है। उनकी पत्रकारिता और कार्यक्रमों ने उन्हें उनके समर्थकों के बीच ₹हिंदू योद्धा₹ का दर्जा दिलाया है। निष्कर्ष सुरेश चव्हाणके की भूमिका हिंदुत्व की आवाज बुलंद करने और भारतीय समाज में हिंदू विचारधारा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है। हालांकि उनके विचारों और कार्यों पर मतभेद हो सकते हैं, पर वे अपने उद्देश्य को लेकर अडिग हैं।

लेखक:रविंद्र आर्य 9953510133


## श्रीमद्भागवत ही एक ऐसा उपाय है जिससे मोक्ष सुनिश्चित हो जाता है।





संस्कार उजाला
**जहांगीरपुर ( सुहैल खान)**
श्री धाम वृंदावन से पधारे पूज्य संत श्री विष्णु दास जी महाराज ने द्वितीय दिवस की कथा श्रवण कराते हुए बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सर्व सुलभ कैसे हुई । जब व्यास जी ने वेदों के चार भाग कर लिए, छहों शास्त्रों को रच दिया , सत्रह पुराण लिख लिए फिर भी उन्हें शांति की प्राप्ति नहीं हो रही थी तो अपने शम्याप्रास आश्रम में चिंतातुर बैठे थे ।तभी वहां देवर्षि नारद वीणा पर नारायण नारायण का कीर्तन करते हुए पधारे और उन्हें भगवान श्री कृष्ण की लीला श्रीमद्भागवत महापुराण की रचना करने के लिए सूत्र प्रदान किया । इस प्रकार व्यास जी ने इस वैदिक संहिता की रचना की । यह भागवत वेद रूपी वृक्ष का पका हुआ फल है जो डाली प्रति डाली धरती तक पहुंची है। सर्वप्रथम भगवान नारायण ने ब्रह्मा जी को, ब्रह्मा जी ने नारद जी को, नारद जी ने व्यास जी को, व्यास जी ने शुकदेव मुनि को, शुकदेव जी ने परीक्षित जी को और अन्य सूत आदि ऋषियों को प्रदान किया । यह भागवत अनादि ग्रन्थ है जो कि भगवान श्री कृष्ण का ही वाङ्मय प्रतिरूप है।

## साइबर ठगों ने बैंक लिंक भेज कर दिव्यांग को बनाया 96569 रुपए ठगी का शिकार




संस्कार उजाला
**हापुड़**/जनपद में साइबर ठगी की घटनाएं नहीं ले रही हमने का नाम प्रतिदिन बढ़ती जा रही साइबर ठगी की घटनाएं। साइबर ठग सीधे-साधे भोले भाले लोगों को ऑनलाइन अपने जाल में फसाने को लेकर नए-नए हथकंडे अपनाते हुए उनकी मेहनत की कमाई पर डाका डाल रहे हैं। इसी क्रम में थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव कन्या कल्याणपुर निवासी दिव्यांग युवक राहुल के व्हाट्सएप नंबर पर बैंक लिंक भेज कर 96569 रुपए की ठगी की घटना को दिया गया अंजाम। पीड़ित युवक के द्वारा थाने में दी गई तहरीर में उल्लेख किया गया है कि उसके मोबाइल व्हाट्सएप नंबर पर 2 दिसंबर की शाम समय लगभग 4:30 बजे अनजान व्यक्ति का फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने उसके व्हाट्सएप नंबर पर एसबीआई बैंक की जानकारी के लिए लिंक भेजा था। उसके द्वारा लिंक को खोलते ही उसके क्रेडिट कार्ड से चार बार में 96569 रुपए निकल गए। जिसको लेकर उसने अपने साथ हुई।इस ठगी के मामले में थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## फार्मर रजिस्ट्री योजना की प्रगति में सुधार के लिए डीएम ने दिया अन्तिम अवसर



संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**बहराइच** । शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में फार्मर रजिस्ट्री योजना की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मानक से कम प्रगति पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अन्तिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया कि यदि प्रगति में अपेक्षित सुधार नहीं आता है तो सम्बन्धित की जिम्मेदारी तय करते हुए दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। डीएम ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता को देखते हुए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण मनोयोग के साथ कार्य कर प्रगति में सुधार लायें। डीएम ने उप निदेशक कृषि को निर्देश दिया कि 20 दिसम्बर को पुनः समीक्षा बैठक आयोजित की जाय। बैठक के दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा करते हुए डीएम मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि 20 दिसंबर तक अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया जाय। डीएम ने कहा कि आगामी एक सप्ताह में अपेक्षित सुधार न होने पर सम्बन्धित के विरूद्ध एक्शन लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने सोलर पंप, खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि जरूरतमन्द किसानों को शासन की मंशानुरूप उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराया जाय। डीएम द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड वितरण एवं कृषि यंत्रीकरण सहित अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की तथा प्रगति बढ़ाने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक टी.पी. शाही, जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी बहराइच डॉ. सौरभ वर्मा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## बम्मों को स्कूल भेजने के विवाद में पति ने पत्नी का गला रेतकर की निर्मम हत्या घटना को अंजाम देकर पति हुआ फरार






संस्कार उजाला
**हापुड़**/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव मुक्तेश्वरा बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में पति के द्वारा पत्नी का गला रेत कर हत्या पति हुआ मौके से फरार।
बता दे की बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुक्तेश्वरा में शनिवार की सुबह पति रमेश पत्नी संगीता के बीच बच्चों को स्कूल भेजने को लेकर विवाद हो गया था। जिसके चलते 16 वर्षीय बेटी लवी ,11 वर्षीय बेटी छवि,8 वर्षीय बेटे हर्ष को स्कूल भेजने के उपरांत पति रमेश पत्नी संगीता को धारदार हथियार से गला रेत कर मौत के घाट उतार कर फरार हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक संगीता के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर फरार पति की तलाश शुरू कर दी है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय गुप्ता का कहना है कि पति-पत्नी के बीच हुई कहा सुनी को लेकर रमेश ने पत्नी संगीता की गला रेट कर हत्या को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। बच्चे स्कूल गए हुए थे। और रमेश का पिता खेत पर गन्ना छीलने के लिए गया हुआ था। मां विमला जिसको ठीक से नहीं दिखाई देता है दृष्टिहीन है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पति ने दूसरी शादी करने के लिए चार मासूम बच्चों सहित पत्नी को दिया तलाक पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की लगाई गुहार



संस्कार उजाला
**हापुड़**/जनपद की तहसील धौलाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मौहल्ला अंसारियान निवासी एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने के लिए गर्भपात कराने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। आपको बता दें कि जिला मेरठ जानी थाना क्षेत्र के गांव ढडरा निवासी जन्नत ने अपनी तहरीर में उल्लेख किया है कि उसकी शादी ढोलना के रियाज पुत्र अब्दुल सलाम से लगभग 10 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। जोकि शाकाहारी बिरयानी की दुकान चलाता है। जिसमें रियाज से शादी के बाद उसको चार बच्चे पैदा हुए हैं। वहीं पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति रियाज ने दूसरा निकाह करने के लिए पहले उसका गर्भपात कराया। और फिर उसे तलाक देकर फरार हो गया। जिसको लेकर पीड़िता चार मासूम बच्चों सहित दर-दर भटक रही है। वही इस मामले को लेकर पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिता चौहान ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। महिला चार बच्चों के साथ पति के पुश्तैनी मकान में रह रही है। मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम नार मोहमदपुर के इरऋके जवान राजेंद्र का पूर्ण सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार




संस्कार उजाला
**जहांगीरपुर ( सुहैल खान)**
थाना जहांगीरपुर के ग्राम मोहमदपुर नार निवासी 69इरऋ बटालियन के राजेंद्र सिंह सुपुत्र ओम प्रकाश सिंह जो अगरतला में अपनी ड्यूटी पर तैनात था विगत 12/13की रात्रि को चक्कर आ जाने के बाद चोट लगने से उनकी मौत हो गई ।जिनको उनके पैतृक गांव नार मोहमदपुर लाया गया जहां पर इरऋ बटालियन से आए सब इंस्पेक्टर राजवीर सिंह के नेतृत्व में आए 9जवानों सहित कुल 17जवानों ने सलामी देकर उनको अंतिम विदाई दी गई ।अंतिम संस्कार के समय खुर्जा विधायक मीनाक्षी सिंह ।थाना जहांगीरपुर प्रभारी अमित कुमार एवं खुर्जा जंक्शन चौकी इंचार्ज समित कुमार मय फोर्स के शामिल हुए।फौजी राजेंद्र सिंह ने दो बेटे 16 वर्ष ५ 13वर्ष छोड़े है। अंतिम संस्कार के समय सैकड़ों ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## एस.एस.बी. 42वीं वाहिनी के द्वारा निशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया




संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**नानपारा** बहराइच दिनांक 14.12.2024 को 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच-क के सीमा चौकी शिवपुरा के कार्यक्षेत्र में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे एसएसबी के डॉ. राकेश कुमार रंजन, कमान्डेंट (चिकित्सक) के नेतृत्व में मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे सहायक के तौर पर सहायक उप निरीक्षक फार्मासिस्ट मनोज काजरा एवं आरक्षी सामान्य गिरीश चन्द्र कापरी तथा सीमा चौकी शिवपुरा के जवान कार्मिक उपस्थित रहे` शिविर के दौरान ग्राम झ माधोपुर निदौना, नवावगंज (बहराइच ) गांव के ग्रामीण ने अपना चिकित्सीय परीक्षण कराया एवं निःशुल्क दवाईया प्राप्त की । दवाईयों का वितरण एसएसबी के कार्मिक मनोज काजरा एवं गिरीश चन्द्र कापरी के द्वारा किया गया और खुराक की मात्रा के बारे भी बताया गया ৷ शिविर के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड़ बनी रही तथा उपस्थित ग्रामीणों ने जिसमें 37 पुरुषों 46 महिलाओं एवं 13 बच्चों कुल 96 लोगों ने अपना निशुल्क इलाज करा कर लाभ प्राप्त किया । 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बहराइच -क के कार्यवाहक कमांडेंट श्री राज रंजन ने बताया की एसएसबी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ-साथ सीमा क्षेत्र की जनता जो आर्थिक, सामाजिक तौर पर कमजोर हैं उनको मुख्य धारा में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है तथा समय-समय पर नागरिक कल्याण कार्यक्रम, मानव चिकित्सा, पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, तथा विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगो को जागरूक करना और सुविधाओ को जन मानस तक पहुचाने का अथक प्रयास कर रही है एवं भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन किये जायेंगे जिसमे आम जनमानश अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके और साथ ही सीमांत क्षेत्र की जनता से ऐसे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक प्रतिभागी करने हेतु भी अपील की गयी क

## देहात पुलिस ने भाजपा नेता की फैक्ट्री एवं सराफा व्यापारी की दुकान में मोरी करने वाले मार शातिर किस्म के मोरों को मोरी के माल सहित किया गिरफ्तार



संस्कार उजाला
**हापुड़**/थाना हापुड़ देहात पुलिस ने क्षेत्र में हुई दो चोरियों का सफल अनावरण करते हुए चार शातिर किस्म के चोरों को चोरी के माल सहित गिरफ्तार करने का दावा किया है। बता दें कि थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव ततारपुर में भाजपा नेता जिला महामंत्री पुनीत गोयल की फैक्ट्री स्थित है जो कि बंद पड़ी हुई है। उसमें से चोरों के द्वारा इनवर्टर बैटरी सहित अन्य सामान चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था। वहीं दूसरी घटना केशव नगर निवासी सरार्फा व्यापारी नितेश कुमार की दुकान का शटर तोड़कर चोरों के द्वारा 250 ग्राम चांदी की चोरी कर घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका हापुड़ देहात पुलिस ने दोनों चोरियों का खुलासा करते हुए। चार चोरों को गिरफ्तार कर उनके निशानदेही चोरी किए गए बैटरी इन्वर्टर,घटना में प्रयुक्त ऑटो एक नाजायज चाकू बरामद कर किया सफल अनावरण। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि बीती रात्रि अगस्त के दौरान ऑटो सवार हापुड़ निवासी अफसर उर्फ सोनू संजय गौरव जीतू को गिरफ्तार किया गया। जिसमें पुलिस पूछताछ के दौरान इनकी निशानदेही पर क्षेत्र में हुई दोनों चोरियों का सफल अनावरण किया गया है।

## ग्राम न्यायालय नानपारा में लोक अदालत में २२७ मामले निस्तारित




संस्कार उजाला
**डॉ0सै0अब्दुल खबीर**
**नानपारा** बहराइच वर्ष 2024 की अंतिम लोक अदालत 14 दिसंबर को आयोजित की गई। लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों एवं तहसील स्तर पर किया गया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान व जिला न्यायाधीश बहराइच उत्कर्ष चतुर्वेदी के निर्देशन में 14 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, बाह्य स्थित न्यायालयों, ग्राम न्यायालय नानपारा व तहसील स्तर पर किया गया। इसमें समझौते के आधार पर 227 वादों का निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में ग्राम न्यायालय नानपारा में न्यायाधिकारी अनिल कुमार चौधरी द्वारा लम्बित विभिन्न प्रकार के मामले जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 34 पुलिस एक्ट, धारा 292 बीएनएस, धन वसूली वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद, दीवानी वाद आदि न्यायालयों में लंबित छोटे-छोटे प्रकृति के मामले के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर के कुल 234 के सापेक्ष 227 मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया।

# सीएम योगी बोले: नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा

## एसजीपीजीआई में कहा: एआई से इलाज होगा, तीन गुना स्पीड बढ़ाएं डॉक्टर





**लखनऊ।** सीएम योगी लखनऊ में एसजीपीजीआई के 41वें स्थापना दिवस में शामिल हुए। दार्शनिक की कहानी सुनाई। कहा- जीत की तैयारी इतनी शालीनता के साथ करो कि आपकी सफलता शोर मचा दे। यूपी में लोगों को नेताओं से ज्यादा डॉक्टरों पर भरोसा है। इसलिए, अंगदान के लिए लोगों को जागरूक करें। अगर कोई नेता यह बात बताएगा तो ज्यादातर मरीजों के परिवार को भरोसा नहीं होगा। मुझे लगता है कि अगर ऐसा प्रयास होगा तो पूरे प्रदेश में धूम मच जाएगी। पेशेंट आपकी जय-जयकार करेगा। डॉक्टरों के बारे में पेशेंट के मन में जो श्रद्धा सम्मान का भाव है वह सरकार से ज्यादा है। उन्होंने कहा- अगर पेशेंट किसी दुर्घटना का शिकार हो गया है, उसका ब्रेन डेड हो चुका है। फिर भी उसके अंग काम आ सकते हैं। डॉक्टर उसके परिजनों को दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए तैयार करें। 2047 में देश अपनी आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा। हमें भारत को कुशल देश की नजर से देखना होगा। संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में योगी के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह भी मौजूद रहे। योगी ने कहा- अस्पतालों में किसी को सर्जरी के लिए लंबी डेट न दी जाए। एसजीपीजीआई देश का पहला चिकित्सा संस्थान है, जिसे 500 करोड़ रुपए मिले हैं। अभी तक रोबोटिक का उपयोग होता था। लेकिन अब हेल्थ को एआई टेक्नोलॉजी से जोड़ा जाएगा। जब कोरोना वायरस यूपी में आया तब प्रदेश में सर्वे कराया गया। 36 जिले ऐसे थे जहां आईसीयू का एक भी बेड नहीं था। तब एसजीपीजीआई के निदेशक ने सुझाव दिया कि हम लोग डेली आईसीयू प्रारंभ कर सकते हैं।

फिर एसजीपीजीआई ने पूरी शालीनता के साथ प्रदेश में वर्चुअल आईसीयू प्रारंभ किया। 75 के 75 जनपदों में हजारों लोगों की जान को बचाने में मदद मिली। योगी ने कहा- उत्तर प्रदेश जैसे देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य में स्वास्थ्य का मानक क्या होना चाहिए। मेडिकल एजुकेशन का स्टैंडर्ड क्या होना चाहिए। यह न केवल उत्तर प्रदेश में बल्कि उत्तर भारत में अब एसजीपीजीआई बिना किसी शोरगुल के यह करता है। हर मरीज चाहता है कि उसे अच्छी सुविधा मिले। मैं चाहूंगा कि अभी डॉक्टरों की जो स्पीड है, उसे तीन गुना बढ़ाएं। आपको जो संसाधन चाहिए सरकार उपलब्ध कराएगी। इसके लिए आपको स्वयं समय देना होगा। मुझे लगता है अगर आप एक दिन में 10 मरीज देखते हैं। अगर यह स्पीड तीन गुना कर दें तो डिफरेंट कैटेगरी के 25-30 मरीज मिलेंगे। उनका रहन-सहन, उनके खान-पान, उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि का एक्सपीरियंस समझने के बाद आप बता सकते हैं कि इसका कैसे इलाज करना है। मुझे लगता है अगर आप स्पीड बढ़ा लेंगे तो आपके पास अनुभव का बहुत बड़ा खजाना होगा। इससे हम यहां भर्ती होने वाले पेशेंट की संख्या बढ़ा सकते हैं। एसजीपीजीआई में एक साल में सवा लाख पेशेंट्स आते हैं। हम इसको 1 साल में 5 लाख कर सकते हैं। यहां पर भर्ती होने वाले 48 हजार पेशेंट हैं। इसे बढ़ाकर डेढ़ लाख तक पहुंचा सकते हैं। किडनी ट्रांसप्लांट 150 तक हो रही है। हम इसे 500 तक पहुंचा सकते हैं। तब एक भी वेटिंग ट्रांसप्लांट नहीं रहेंगे। अगले 9 साल बाद मेडिकल फील्ड में बहुत बड़ा बदलाव होने वाला है। उत्तर प्रदेश में 1947 से लेकर 2017 तक यानी की 70 साल में 12 और 1 साल में 18 मेडिकल कॉलेज खोले गए। यह सरकार के काम की स्पीड है। इसी स्पीड के लिए हमें अपने आप को तैयार करना है। उत्तर प्रदेश में हम लोग 65 जिले में मेडिकल कॉलेज, डायलिसिस की सुविधा, ब्लड बैंक सेपरेटर यूनिट स्थापित कर चुके हैं। रविवार के दिन स्वास्थ्य विभाग के सभी चिकित्सक हर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जाते हैं।

केंद्र और राज्य सरकार की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में बताते हैं। वहां पर कोई भी पेशेंट पहुंचकर इलाज करा सकता है। फाउंडेशन डे के ऑरेशन के लिए विशाखापट्टनम की गीतम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च की वाइस चांसलर प्रो. डॉ. गीतांजलि बैटमैन बाने शामिल हुईं। स्थापना दिवस पर 19 फैकल्टी मेंबर्स और 24 स्टूडेंट्स को बेस्ट रिसर्च और परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया गया।

# सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग : बांदा महोत्सव का सदर विधायक ने फीता काटकर किया उद्घाटन



**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा** बांदा में शनिवार की शाम को नगर क्षेत्र के जी आई सी मैदान में लगे बांदा महोत्सव मेला प्रदर्शनी का सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने फीता काटकर उदघाटन किया। इस दौरान विधायक ने फीता काटने के पश्चात भगवान गणेश की आरती उतारी एवं आशीर्वाद प्राप्त किया। सदर विधायक का बांदा महोत्सव के संयोजक नीरज निगम, आयोजक प्रवीण द्विवेदी, धीरज निगम, पंकज निगम उर्फ ज्ञानू एवं बादल ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर सदर विधायक के साथ, प्रतिनिधि रजत सेठ, ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण कुमार सोनू सिंह एवं अन्य लोग शामिल रहे। बांदा महोत्सव के पदाधिकारियों ने सदर विधायक को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम के पश्चात आए हुए पत्रकारों को डायरी और पेन भेंट कर सम्मानित किया गया एवं सभी का मुंह मीठा कराया गया। इस दौरान बताया गया कि यह मेला प्रदर्शनी सभी के लिए है और यहां पर गुजराती सूट, सहारनपुर का फर्नीचर, जयपुरी जूती, लेदर आइटम, ऊनी कमल जयपुरी, रजाइया, पिलखुवा की बेडशीट, मेरठ की खादी शर्ट एवं कुर्ता, बनारसी साड़ियां, भदोही की कालीन, मऊरानीपुर की डरी, जयपुरी ज्वेलरी, मुरादाबाद का पीतल ब्रास, फिरोजाबाद की चूड़ियां, जयपुर के कंगन, कानपुर की दरी, फर्श, कुशन कवर, सोफा कवर, बॉम्बे टॉप, कुर्ती, ग्राम उद्योग की दवाएं, खिलौने, बॉम्बे भेलपुरी, राजस्थान ज्योति चप्पल, प्रतापगढ़ का आंवला मुरब्बा अचार, खादी की शूटिंग शॉर्टिंग, लुधियाना कॉटन मोजे, कश्मीरी कंबल, जयपुरी रजाइया साल लोई स्टॉल आदि तरह - तरह के सामान, कपड़े, बर्तन आदि सभी प्रकार की चीजें खरीद सकते हैं तथा लोगों के लिए बड़े - बड़े झूले भी लगाए गए हैं जिसमें बैठकर लोग भरपूर आनंद ले सकते हैं। उदघाटन कार्यक्रम में सदर विधायक बांदा प्रकाश द्विवेदी, स्वर्ण कुमार सोनू सिंह ब्लॉक प्रमुख, रजत सेठ सदर विधायक बांदा प्रतिनिधि, अंकित बसु नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि, अनिरुद्ध कुमार त्रिपाठी दादा सदर विधायक बांदा कार्यालय प्रभारी, अमित सेठ भोलू वरिष्ठ समाजसेवी राजकुमार राज पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, राजेश गुप्ता पूर्वी नगर अध्यक्ष बीजेपी डीसी श्रीवास्तव विजय निगम, अमितेंद्र श्रीवास्तव, सिद्धार्थ सिंह, आलोक निगम, नन्ना विमल निगम, पंकज शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, मितेश कुमार, उपेंद्र कुमार, भगत सिंह, राजेंद्र मिश्रा, रूपा गोयल, संध्या धुरिया, अनवर राजा, जीवेश कुमार, पंकज शुक्ल आदि सभी वरिष्ठ पत्रकारों सहित सभी वरिष्ठ समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।

# झांसी में 12वीं की छात्रा को लात-घूसे मारे

**झांसी।** में दो युवकों ने 12वीं कक्षा की छात्रा पर लात, घूसे और थप्पड़ों की बारिश कर दी। वे उसके गेट को तोड़ रहे थे। रोकने पर दोनों ने छात्र को बेरहमी से पीटा। मोहल्ले के लोग छात्रा को बचाते रहे, लेकिन दोनों दबंग युवक बार-बार पकड़कर उसे पीट रहे थे। जब मोहल्ले के लोग छात्रा को बचाकर अपने घर में ले जाते हैं तो आरोपी दरवाजा तोड़कर उसके घर के अंदर दाखिल हो गए और तोड़फोड़ की। पूरी घटना सीपरी बाजार के प्रेमगंज की है। इसका सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। जो 13 दिसंबर का है। जिसमें युवक कह रहा है कि मार डालेंगे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।प्रेमगंज निवासी चंचल रायकवार पुत्री कालीचरण 12वीं कक्षा में पढ़ती है। उसके भाई सोनू रायकवार ने बताया कि शुक्रवार को मां मुन्नी देवी और मैं काम पर गए थे। घर पर छोटी बहन चंचल रायकवार अकेली थी। तभी मोहल्ले का आकाश रायकवार नशे में आया और घर का दरवाजा तोड़ने लगा। तब छोटी बहन ने मना किया तो उसने मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान उसका दोस्त संजय साहू भी आ गया। दोनों ने मिलकर बहन को लात, घूसे और थप्पड़ मारे। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह बहन को बचाया और अपने घर में ले गए। तब आरोपियों ने दरवाजा तोड़ दिया और अंदर घुसकर तोड़फोड़ की। इसके बाद वे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# शम्भू बरनवाल के हाथों स्वेटर पा खिल उठे बच्चे



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** फाजिलनगर के ग्राम सभा जौरा मनराखन के-मोहरे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शंभू बरनवाल ने अपने गांव के संविलियन विद्यालय जौरा गोविंद टोला के सभी 104 बच्चों को अपने खर्चे से स्वेटर का वितरण किया। स्वेटर पाते बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि शंभू बरनवाल ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं।इनका सर्वांगीण विकास करना अध्यापकों के साथ हम सबकीऊ है। जहां यह विद्यालय स्थापित है उसके आस पास गरीब परिवारों की संख्या अधिक है। यहां के अध्यापकों ने काफी मेहनत कर-के इन बच्चों को विद्यालय में नामांकन के साथ उनको अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर गांव के त्रिलोकी बरनवाल, राधेश्याम जायसवाल, प्रमोद गौड़, उमेश राव, सोनू प्रसाद के साथ प्रधानाध्यापक श्याम नाथ गौड़, सहायक अध्यापक रमेश गुप्ता, शिक्षा मित्र किरण देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# जेलर को सरिया मारकर हाथ तोड़ा

## झांसी में हिस्ट्रीशीटर की बदली थी जेल, बेटों ने लाठी-डंडे से किया हमला



**झांसी।** में शनिवार दोपहर जिला जेल के जेलर पर बदमाशों ने हमला कर दिया। ऑटो से रेलवे स्टेशन जा रहे सिपाही और जेलर को 4 बदमाशों ने रोका। फिर लाठी-डंडे और सरिया से उन पर हमला कर दिया। घटना में जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता के हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। हाथ की हड्डी टूट गई है। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। पुलिस जांच में पता चला है कि हमला कुख्यात हिस्ट्रीशीटर कमलेश यादव के बेटों ने बदमाशों के साथ मिलकर किया है। करीब 25 दिन पहले कमलेश यादव को झांसी जेल से हमीरपुर जेल शिफ्ट कर दिया गया था। इससे आरोपी नाराज थे। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही हैं। कस्तूरी लाल गुप्ता झांसी जिला जेल में पिछले दो साल से जेलर के पद पर कार्यरत हैं। उनकी हैदराबाद में 16 से 20 दिसंबर तक ट्रेनिंग है। इसलिए वह शनिवार दोपहर करीब 12:30 बजे ऑटो में सवार होकर स्टेशन जा रहे थे। उनके साथ एक सिपाही भी था। जब ऑटो DRM ऑफिस के पास पहुंची तभी कार सवार 4 बदमाशों ने उसे रोक दिया। उन्होंने कार आगे लगाकर ऑटो रुकवा लिया। इसके बाद बदमाशों ने जेलर को ऑटो से बाहर खींच लिया और लाठी-डंडे और सरिया से पीटने लगे। बचाने आए सिपाही को भी जमकर मारा। जेलर को अधमरा कर आरोपी कार से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि बदमाश पिस्टल भी लिए थे। जेलर के हाथ में 3 फ्रैक्चर जेलर पर हमले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इधर, जेलर के साथ गए सिपाही ने जेल के अधिकारियों को फोन किया तो वे भी मौके पर आ गए। आनन-फानन में घायल जेलर को जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां एक्स-रे जांच हुई। इसमें पता चला कि उनके हाथ में तीन जगह फ्रैक्चर हैं। सूचना पर एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ जिला अस्पताल पहुंच गए। जेलर से पूछताछ करने पर पता चला कि हमला हिस्ट्रीशीटर कमलेश यादव के बेटों ने किया है। पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुट गई हैं। जिस हिस्ट्रीशीटर कमलेश यादव के बेटों पर हमला का आरोप है, वो प्रेमनगर थाना क्षेत्र के पुलिया नंबर 9 का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, उस पर हत्या, लूट और डकैती समेत अन्य धाराओं में 38 केस दर्ज हैं। वह काफी समय से झांसी की जिला जेल में बंद था। करीब 25 दिन पहले उसकी जेल बदल दी गई। यहां से उसे हमीरपुर जेल में शिफ्ट कर दिया गया। इसी बात से आरोपी जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता से रंजिश रखे हुए थे। एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कार सवार बदमाशों ने ऑटो को घेरकर लाठी-डंडों से जेलर पर हमला किया है। इससे उनके हाथ में फ्रैक्चर आ गया। उनका इलाज चल रहा है। शिकायत लेकर केस दर्ज किया जा रहा है। जांच में पता चला कि हिस्ट्रीशीटर कमलेश यादव झांसी जेल से शिफ्ट होकर हमीरपुर चला गया था। इसी रंजिश में उसके बेटों ने योजना बनाकर हमला किया है। जल्द ही हमलावरों की पहचान कर उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस टीमें जांच में जुटी हैं।

# गन्ना किसानो के लिए वरदान साबित होगी प्याज की खेती



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** वसंत कालीन गन्ने के साथ प्याज की सहफसली खेती करके किसान एक एकड़ गन्ने में 135 से 140 दिनो में 75 से 85 कुन्तल व्याज की उपज प्राप्त कर सकते है। उत्तर प्रदेश गन्ना विसान संस्थान प्रशिक्षण केन्द्र पिपराईच गोरखपुर के कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने प्याज की गन्ने के साथ खेती को किसानों के लिए बरदान बताया। गन्ने मे प्याज बोने से गन्ने का औसत उपज बढ़ जाता है। साथ ही साथ गन्ने में लगने वाले सबसे हानिकारक किट 'अंकुर बेधक ' पिहीका का नियंत्रण होता है लगभग 1.5 लाख का प्याज होगा किसान की आय बढ़ेगी। कृषि वैज्ञानिक ओम प्रकाश गुप्ता ने किसानो को दी ओम प्रकाश गुप्ता ने कृषक अध्ययन यात्रा कार्यक्रम मे प्याज अनुसंधान संस्थान राजगुरुनगर पूना महाराष्ट्र तथा राष्ट्रीय बागवानी अनुसंधान संस्थान नाशिक - महाराष्ट्र जाकर वैज्ञानिकों से प्याज की वैज्ञानिक खेती में प्रशिक्षण लिया है, शोध प्रक्षेत्र देखा किसानों के साथ प्याज की प्रमुख प्रजातियां - पूसा रेड , एग्रीफाउण्ड लाईट रेड एन - 53 , अर्का प्रगति। गन्ने की प्रमुख प्रजातियां - को.0118, को. लख.14201, को. से.11453, को. शा. 18331, को. से.8452, सेवरही शोध संस्थान पर उपलब्ध है प्याज रोपाई करने के लिए गन्ने की पंक्ति से पंक्ति की दूरी 120 सेमी रखे तथा गन्ने की दो लाईन के बिच प्याज की 3 से 4 पंक्ति रोपाई करें प्याज की लाईन से लाईल की दूरी 15 सेमी तका पौध से पौध की दूरी 10 सेमी रखे , रोपाई करके सिचाई करें। बीज की मात्रा एक एकड गन्ने में प्याज बोने के लिए 4 से 4.5 किग्रा बीज की आवस्कता होती है। ओम प्रकाश गुप्ता ने बताया कि इस समय किसान प्याज की नर्सरी गिरा रहे है जनवरी से गन्ना प्याज की नर्सरी 45 से 50 दिनो मे रोपाई के लिए तैयार होती है, पूर्वायल में प्याज लगभग सभी परिवार में प्रयोग किया जाता है, प्याज में औषधीय गुण है। प्याज में एलील डाइसल्फाईड नामक वाष्पशील तेल पाया जाता है जिसके कारण प्याज छिलते समय आंख में तीखा लगता है जो गन्ने मे कीट नियंत्रण का कार्य करता है, एक एकड गन्ने में लगभग 1.5 लाख का प्याज होगा तथा 400 कुन्तल एकड़ गन्ना होगा। जिससे किसान की आय बढ़ेगी, गन्ना किसान संस्थान द्वारा कृषि विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला - गोष्णी तमकोहीराज में गन्ने के साथ प्याज लहसुन , आलू, गोभी, टमाटर, भिण्डी, आदि की सहफसली खेती का फोटो ग्राफ दिखाकर कृषको को ओम प्रकाश गुप्ता द्वारा जानकारी दिया जा रहा है गन्ना प्रदर्शनी में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही तथा सेवरही के विद्यायक, भाजपा के जिलाध्यक्ष ने फोटोग्राफ देखा तथा कृषको के लिए लाभकारी बताया तथा गन्ना संस्थान के इस प्रयास की सरहना की ।

विशेष जानकारी के लिए मो. 9451957294 बात कर सकते है।

## संक्षिप्त डायरी

### सिमौनी मेला को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश



**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

बांदा में शनिवार 14 दिसंबर 2024 को पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल द्वारा दिनांक 15 दिसम्बर से 17 दिसम्बर 2024 तक थाना बबेरु क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिमौनी में होने वाले मेले को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मेला क्षेत्र में लगाये गये पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। मेला क्षेत्र में बने कन्ट्रोल रुम, सीसीटीवी कैमरे, वायरलेस सेट, वैरिकेटिंग आदि के साथ-साथ सुरक्षा में तैनात पुलिस बल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### थाना समाधान दिवस का आयोजन



**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार 14 दिसंबर 2024 को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज द्वारा थाना कोतवाली नगर पर जनता की शिकायतों को सुन उनका निस्तारण किया गया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया । थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 37 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया।

### बांदा के अपर आयुक्त (द्वितीय) को मिला प्रेक्षक का दायित्व

**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी (पं० / न०नि०), बाँदा ने शनिवार को बताया है कि संयुक्त निर्वाचन आयुक्त एवं विभागाध्यक्ष राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्या-376/ रा०नि०आ०-4/न०नि०/31-24/2024 दिनांक 27 नवम्बर, 2024 में दिये गये प्रदत्त निदेर्शों के कम में आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1469/ एल०बी०ए०-2024/दिनांक 09 दिसम्बर, 2024 के द्वारा नगर निकाय उप निर्वाचन माह नवम्बर/दिसम्बर, 2024 के अर्न्तगत नगर पंचायत बबेरू के अध्यक्ष पद पर मतदान दिनांक 17 दिसम्बर, 2024 तथा मतगणना दिनांक 19 दिसम्बर, 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भगवान शरण, अपर आयुक्त (द्वितीय), चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा को प्रेक्षक नियुक्त किया गया हैं। प्रेक्षक महोदय का मोबाइल नंबर 9548 151665 है। तत्क्रम में प्रेक्षक की आवश्यक सेवाओं की व्यवस्थाओं हेतु धर्मेन्द्र सिंह, जिला आबकारी अधिकारी बॉदा (9454465679) को मा० प्रेक्षक के साथ लाइजन आफिसर के रूप में कार्य करने हेतु नियुक्त किया जाता है।

### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बांदा की बैठक हुई संपन्न



**संस्कार उजाला ब्यूरो बांदा**

**बांदा** जनपद में स्थानीय होटल के सभागार में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बांदा की पूर्व निर्धारित बैठक संपन्न हुई। आई. एम. ए. के वर्तमान सेक्रेटरी डॉ० नरेंद्र गुप्ता के द्वारा यह मीटिंग कार्यकारिणी के चुनाव के गठन के लिए आयोजित की गई थी। जिस पर चुनाव अधिकारी डॉ० मो. रफीक एवं डॉक्टर आर. के. गुप्ता को नामित किया गया। डॉ. मो. रफीक एवं डॉ. आर. के. गुप्ता द्वारा चुनाव प्रक्रिया के दौरान आई. एम.ए. के उद्देश्य, सिद्धांत एवं नए सदस्यों को कार्यकारिणी संचालन/ गठन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ. आर. के.गुप्ता द्वारा अवगत कराया गया कि आई.एम.ए. एक ऐसा संगठन है, जो चिकित्सकों के लिए बना है और चिकित्सकों के हितों के रक्षार्थ इसका संचालन होता है तथा समय-समय पर दैवीय आपदा या समाज से संबंधित जुड़ी समस्याओं पर संगठन प्रशासन की मदद से समाज की भी सेवा करता है। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए निर्विरोध रूप से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बांदा ब्रांच के वर्तमान सचिव डॉ० नरेंद्र गुप्ता को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के पद पर चयन किया गया तथा इसी क्रम में डॉक्टर जे.विक्रम सिंह को सचिव पद से एवं डॉ. आर.के. गुप्ता को कोषाध्यक्ष पद से नवाजा गया। डॉ. एस.पी. गुप्ता एवं डॉ. भूपेंद्र को उपाध्यक्ष, एवं डॉ. अनुराग एवं डॉ. वी.के. पटेल को संयुक्त सचिव, घोषित किया गया। डॉ. प्रज्ञा प्रकाश एवं डॉ. शबाना रफीक को कल्चरल सेक्रेटरी एवं डॉ.अनूप कुमार को साइंटिफिक सेक्रेटरी के पद पर निर्विरोध चयन किया गया। साथ ही अन्य सात चिकित्सकों को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नामित किया गया। सभी पदों का चयन निर्विरोध रूप से हुआ। वर्तमान अध्यक्ष डॉ० मो. रफीक द्वारा सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए एवं संगठन के उद्देश्य/ लक्ष्य के अनुसार सामाजिक कार्यों से जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी सदस्यों ने चुनाव अधिकारी डॉ. मोहम्मद रफीक एवं डॉ.आर.के. गुप्ता को धन्यवाद दिया अंत में डॉ. नरेंद्र गुप्ता द्वारा वर्तमान अध्यक्ष डॉ मोहम्मद रफीक से आग्रह किया गया कि वह निजी कारणों से अध्यक्ष पद का त्याग कर रहे हैं, किंतु सभी सदस्यों का निवेदन है कि डॉ. रफीक एक्टिवली संरक्षक के रूप में संगठन को अपना आशीर्वाद प्रदान करते रहें, तत्पश्चात सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम समाप्त की घोषणा की गई।

# महुआ मोइत्रा का आरोप, बीते 10 वर्षों में व्यवस्थित रूप से लोकतंत्र को खत्म किया गया



नई दिल्ली । टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर संविधान में हजारों कटौती करके खून बहाने का आरोप लगाकर कहा कि यह साफ है कि राजनीतिक कार्यपालिका ने बीते 10 वर्षों में व्यवस्थित रूप से लोकतंत्र को खत्म किया है। लोकसभा में बहस के दौरान टीएमसी सांसद मोइत्रा ने भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधकर कहा कि विपक्ष को परेशानी इससे है कि उच्च न्यायपालिका के कुछ सदस्य समझौता करने की पूरी कोशिश करते नजर आते हैं। निवर्तमान सीजेआई ने स्पष्ट रूप से बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान जमानत का अधिकार कैसे दिया गया है। अर्णब के लिए ए से लेकर जुबैर के लिए जेड तक, उनके अक्षर संक्षिप्त प्रतीत होते हैं क्योंकि इसमें गुलफिशा फातिमा के लिए जी शामिल नहीं था, हनी बाबू के लिए एच शामिल नहीं था, खालिद सैफी के लिए के शामिल नहीं था, शरजील इमाम के लिए एस शामिल नहीं था। उन्होंने कहा कि विपक्ष में हमें अपना काम करने के लिए सुप्रीम कोर्ट की जरूरत नहीं है। हम इसे (ऐसा करने के लिए) नहीं कह रहे हैं, लेकिन हमें परेशानी यह है कि उच्च न्यायपालिका के कुछ सदस्य हमारी संवैधानिक अदालतों की स्वतंत्रता और अखंडता से समझौता करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

# जंगली मुर्गा खाकर विवादों में फिर घिरे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के दूर-दराज के इलाके टिक्कर में लोगों के साथ रात्रि भोज किया, जिससे वे फिर विवादों में घिर गए हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि भोजन में संरक्षित पक्षी प्रजाति जंगलफाउल परोसा गया। बीजेपी नेता ठाकुर ने रात्रिभोज का एक कथित वीडियो साझा कर सरकार पर सरकारी खजाने की कीमत पर पिकनिक आयोजित करने का आरोप लगाया। भाजपा नेता ने लिखा कि जो लोग जंगली मुर्गियों की संरक्षित प्रजातियों का सेवन करते हैं, उन्हें जुर्माना और जेल की सजा होती है। हालाँकि, सीएम सूक्खू चिकन परोसने के लिए मैनू छपवाते हैं और फिर अपने मंत्रियों को अपने सामने इसका स्वाद लेकर देखकर आनंद लेते हैं। कथित वीडियो में हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ.(कर्नल) धनी राम शांडिल सुक्खू के बगल में बैठे दिख रहे हैं। विवाद के बाद सीएम सुक्खू का बयान आया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण मुझे देशी चिकन दे रहे थे, मैं चिकन नहीं खाता और एक चैनल इस प्रसारित कर रहा था जैसे मैं चिकन खा रहा हूं। पहाड़ों में मांसाहारी भोजन जीवन का एक हिस्सा है। इस पर जयराम ठाकुर बयानबाजी कर रहे हैं। इस बीच, भाजपा नेताओं ने रात्रिभोज के कथित मेनू की एक प्रति साझा की, जिसमें बताया गया कि मेनू में आइटम नंबर 12 जंगली मुर्गा या जंगलफॉवल था। भाजपा प्रवक्ता करण नंदा और चेतन बरागटा ने सुक्खू से स्पष्टीकरण की मांग की।

# नए साल में क्लब और होटलों में जरुरत से ज्यादा भीड़ तो निरस्त होगी अनुमति

## -हथियार ले जाने पर भी बैन, पुलिस आयुक्त ने जारी की गाइड लाइन

आगरा। नए साल पर क्लब और होटलों में जरुरत से ज्यादा भीड़ मिली तो उसकी अनुमति निरस्त हो जाएगी। वहीं जिन क्लब और होटलों में कपल को जाने की अनुमति है, वहां अकेले युवक या युवती के जाने पर बैन रहेगा। क्लब और होटलों में हथियार ले जाने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। नए साल की तैयारी में जुटे क्लब और होटलों के लिए पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड ने यह गाइड लाइन जारी की है। ताजनगरी आगरा में नए साल की पूर्व संध्या पर सितारा होटलों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में देश और विदेश से पर्यटक आते हैं। शहर के लोग भी जोश और उमंग से नए साल का स्वागत करते हैं, जिससे देर रात तक सड़कों पर आना जाता रहता है। इस दौरान कुछ युवा नशे में तेज रफ्तार वाहन दौड़ाते हैं, जिससे हादसों की आशंका रहती है। इसको देखते हुए पुलिस आयुक्त ने गाइड लाइन तैयारी की है।

# झारखंड में मवेशी तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार, 46 मवेशी बरामद

सरायकेला। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में पुलिस ने मवेशी तस्करी के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि 46 मवेशियों को बचाया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर भुरकुंडा जंगल के रास्ते मवेशियों को पश्चिम बंगाल ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी सूचना पर कार्रवाई करने के लिए सरायकेला के एसडीपीओ समीर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इसके बाद गांव के पास कुंदुसल गोलचक्कर पर पुलिस टीम ने जांच अभियान चलाया। जांच अभियान के दौरान उन्होंने कुछ तस्करों को सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई से मवेशियों को पड़ोसी राज्य की ओर ले जाते हुए देखा। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए चार तस्करों को गिरफ्तार किया, जबकि कुछ अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने मौके से 46 मवेशियों को जब्त किया। इस संबंध में झारखंड मवेशी वध निषेध अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान टोनी बोडरा (23), राउतु सामद (41), मोटू पूर्ती (20) और सोमई बोडरा (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि तस्करों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए तलाश जारी है। पुलिस की सक्रियता से पशु तस्करों के मंसूबों पर भी पानी फिर गया।

# एक देश एक चुनाव पर यूपी में राजनीति शुरु, अखिलेश ने ड्राफ्ट पढ़े बिना खामियां गिनाना शुरु कीं

## कांग्रेस ने कहा भाजपा अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश में लगी




लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अब एक देश एक चुनाव पर राजनीति शुरू हो गई है। मायावती की पार्टी बसपा जहां इसका समर्थन कर रही है। वहीं कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को एक देश-एक चुनाव का सिस्टम पंसद नहीं आ रहा है। अखिलेश ने वन नेशन-वन इलेक्शन के खिलाफ जनमत तैयार करने की बात शुरु कर दी है। इसके लिए पार्टी द्वारा गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा। पार्टी अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि एक देश-एक चुनाव सही मायनों में एक अव्यावहारिक है, क्योंकि कभी-कभी सरकारें अपनी समय अवधि के बीच में भी अस्थिर हो सकती हैं। उस स्थिति में क्या वहां की जनता बिना लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व के रहेगी? इसके लिए संवैधानिक रूप से चुनी सरकारों को बीच में ही भंग करना होगा, जो जनमत का अपमान होगा। मगर इस बीच सवाल यह है कि क्या अखिलेश ने वन नेशन-वन इलेक्शन के लिये तैयार किया गया ड्राफ्ट पढ़ लिया है या फिर बिना पड़े ही ऐसी बातें अपनी राजनीति चमकाने के लिए जुट गए हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि अखिलेश यादव जो खामियां और समस्याएं गिना रहे हैं उस पर मोदी सरकार ने मंथन नहीं किया होगा, ऐसा असंभव लगाता है।

सपा सूत्रों के मुताबिक मामले में अखिलेश ने पार्टी की लाइन स्पष्ट कर दी है। इस मुद्दे को लेकर पार्टी लोगों के बीच जाएगी ताकि भाजपा सरकार पर दबाव बना सके। उधर, यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि एक देश-एक चुनाव के द्वारा भाजपा अपनी नाकामी छुपाने की कोशिश में लगी। मोदी व यूपी सरकार हर मोर्चे पर फेल है। भाजपा का झूठ उजागर हो चुका है। बता दें कांग्रेस और सपा से इतर बसपा सुप्रीमों मायावती एक देश-एक चुनाव का समर्थन कर चुकी हैं। बीते सितंबर में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने के बाद उन्होंने कहा था कि इस पर उनकी पार्टी का स्टैंड सकारात्मक है। लेकिन इसका उद्देश्य देश व जनहित में होना जरूरी है। माना जा रहा है कि इस मुद्दे पर बसपा अपने पुराने स्टैंड पर ही कायम रहेगी।

वहीं लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता कहते हैं कि पूर्व में कांग्रेस के समय में भी एक देश-एक चुनाव की व्यवस्था को लागू करने के प्रयास हुए थे। आज भले ही विपक्ष इस व्यवस्था को संविधानी ढांचे के विरुद्ध बताए, लेकिन ऐसा है नहीं। विपक्ष यह कह रहा है कि अगर कोई सरकार दो साल बाद गिर जाती है, तब क्या होगा। केंद्र इसके लिए नियमों में संशोधन भी करेगी। इसके लागू होने से विकास कार्य को गति मिलेगी। लखनऊ विश्वविद्यालय के ही प्रो. सौरभ मालवीय का भी कहना है कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने से देश का खर्च और संसाधनों की बचत होगी। साथ ही राजनीतिक पार्टियों को भी कार्य में सुविधा होगी।

# महायुति गठबंधन पर संजय राउत का कटाक्ष, संघ मुख्यालय के सामने ईवीएम मंदिर बनाना चाहिए

मुंबई। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) गुट के नेता संजय राउत ने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन पर कटाक्ष कर कहा कि उन्हें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों का जुलूस निकालना चाहिए और ईवीएम मंदिर बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पहली कैबिनेट बैठक के दौरान उन्हें नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) मुख्यालय के सामने ईवीएम मंदिर के निर्माण की घोषणा करनी चाहिए। संजय राऊत ने कहा कि मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री को जुलूस निकालने से पहले उन्हें ईवीएम का जुलूस निकालना चाहिए और पहली कैबिनेट में उन्हें संघ मुख्यालय के सामने ईवीएम का मंदिर बनाने का निर्णय लेना चाहिए। राऊत ने कैबिनेट जिम्मेदारियों पर निर्णय नहीं ले पाने को लेकर नवगठित सरकार पर निशाना साधा। राज्य में हो रही हत्याओं और बलात्कारों का आरोप लगाकर राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में अराजकता का माहौल है। संजय राउत ने कहा कि राज्य में नई सरकार बने एक महीना हो गया है लेकिन यह पता नहीं चल पाया है कि किसके पास कौन सा विभाग है। महाराष्ट्र के गांवों में हर दिन हत्याएं और बलात्कार हो रहे हैं, इसका जवाब सीएम नहीं दे पा रहे हैं। ये सरकार ईवीएम से बनी है, इनके पास दिमाग नहीं है, इनके दिमाग में ईवीएम है।



# जेल से बाहर आते ही अल्लू अर्जुन बोले सॉरी- मैं कानून में यकीन रखता हूं





हैदराबाद (एजेंसी)। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को तेलंगाना हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज सुबह हैदराबाद सेंट्रल जेल से रिहाई मिल गई। जेल से बाहर निकलने के बाद अल्लू अर्जुन ने मीडिया संग बातचीत की। उन्होंने कहा- चिंता की कोई बात नहीं है। मैं ठीक हूं। मैं कानून में यकीन रखता हूं। अदालत में यह केस चल रहा है तो मैं बीच में कमेंट नहीं करूंगा। मैं कानून का पालन करने वाला नागरिक हूं। मैं पुलिस के साथ सहयोग करूंगा।

एक्टर के पिता अल्लू अरविंद और ससुर कंचरला चंद्रशेखर उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। अल्लू अर्जुन की रिहाई से उनके फैन्स बेहद खुश हैं। जेल से रिहा होने के बाद अल्लू अर्जुन परिवार के पास अपने घर पहुंच गए हैं। घर पहुंचने पर उन्होंने सभी फैन्स का उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया अदा किया। जिस महिला की जान गई है उनके परिवार के साथ मेरी संवेदना है। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। मैं परिवार को हर संभव तरीके से सहायता देने के लिए मौजूद रहूंगा। सभी के प्यार और सपोर्ट के लिए बहुत-बहुत शुक्रिया। मैं आज यहां आप लोगों के सपोर्ट की वजह से हूं। मैं अपने फैन्स का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। बता दें कि 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में पुष्पा 2 की स्पेशल स्क्रीनिंग के दौरान भगदड़ मचने से एक महिला की जान चली गई थी। इसी मामले में एक्टर अल्लू अर्जुन को बीती रात (13 दिसंबर) को गिरफ्तार किया गया था। अल्लू अर्जुन को 14 दिन की रिमांड पर भेजे जाने के बाद उन्हें शुक्रवार को चंचलगुडा सेंट्रल जेल ले जाया गया था। बाद में तेलंगाना हाई कोर्ट ने उन्हें 50,000 रुपये के निजी मुचलके पर अंतरिम जमानत दे दी थी।

# अडानी मुद्दे पर शरद पवार ने भी छोड़ा कांग्रेस का साथ, अकेले पड़े राहुल गांधी

## टीएमसी ने कहा-एक उद्योगपति पर चर्चा करने से ज्यादा कई अहम मुद्दे भी हैं



मुंबई (एजेंसी)। अडानी मुद्दे पर कांग्रेस अब अकेली पड़ती नजर आ रही है। अब इंडिया गठबंधन के साथ शरद पवार की पार्टी ने भी इस मामले में बढ़ते अलगाव का संकेत दिया है। एनसीपी शरद पवार ने कहा कि संसद के समय का बेहतर उपयोग होगा अगर वह किसानों और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा करे, न कि व्यापारी के साथ संबंधों की। कांग्रेस के सहयोगी टीएमसी, शिवसेना (यूबीटी) और समाजवादी पार्टी ने अभी तक इस मुद्दे से दूरी बना रखी है, केवल कांग्रेस ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया है।

टीएमसी ने कहा है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर चर्चा करने से ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। अब शरद पवार के भी कांग्रेस के से पल्ला झाड़ने के बाद कांग्रेस पर दबाव बढ़ सकता है और वह अडानी मुद्दे से पीछे हट सकती है। शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने पर बहस हुई थी। एनसीपी (एसपी) सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि संविधान ने संसद को संवैधानिक प्रणाली में प्रमुख स्थान दिया है। दुर्भाग्य से, कई बार हम अनुभव करते हैं कि इसे राजनीतिक युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। व्यक्तिगत टिप्पणियों के कारण संसद को कई बार स्थगित किया जाता है।

सांसाद कोल्हे ने कहा कि हमें इस बात की ज्यादा चिंता होनी चाहिए कि हमारे किसानों और युवाओं की आवाज यहां उठती है या नहीं, बल्कि एक राजनीतिक नेता का एक कॉरपोरेट के साथ क्या संबंध है, कौन सा नेता किसी के पलायन में कहां गया है, या किस विदेशी नेता ने एक स्थानीय नेता को चंदा दिया है। हम राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं, न कि राजनीतिक नारों पर। यह कुछ ऐसा है जिससे सरकार और विपक्ष दोनों को अवगत होना चाहिए। सांसद सुप्रिया सुले जो कोल्हे के बगल में बैठी थीं, पूरे भाषण के दौरान अपनी सहमति जताती रहीं।


एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार, शरद पवार के भतीजे ने हाल ही में कहा था कि पांच साल पहले अडानी ने बीजेपी और एनसीपी के बीच महाराष्ट्र सरकार गठन की बात करवाई थी। यह तब था जब 2019 में महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन की जीत के बाद शिवसेना के एनडीए से बाहर निकलने के बाद अजीत पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को संसद को बाधित करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों को जिम्मेदार ठहराया है। बनर्जी ने अडानी मुद्दे पर कांग्रेस के अटकने की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि हम यहां कुछ काम करने आए हैं। अडानी मुद्दा ही एकमात्र मुद्दा नहीं है। इतने सारे मुद्दे हैं। कांग्रेस अडानी से जुड़ी हुई है और बीजेपी जॉर्ज सोरोस से जुड़ी हुई है। क्या इसका मतलब यह है कि अन्य सभी मुद्दे दूर हो जाएंगे।

# दिल्ली के स्कूल को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली । शनिवार को फिर दिल्ली के एक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके साथ ही ये इस सप्ताह दिल्ली के स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भेजने की तीसरी घटना है। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने कहा, हमें सुबह 6ः09 बजे डीपीएस आरके पुरम में बम होने की धमकी के बारे में फोन आया। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन विभाग, स्थानीय पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम का पता लगाने वाली टीमें स्कूल पहुंचीं और तलाशी अभियान शुरू किया। जांच के लिए पहुंची पुलिस ने बताया कि स्कूल से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला हैं, लेकिन तलाशी जारी है। इसके पहले शुक्रवार को, करीब 30 स्कूलों को ईमेल पर बम की धमकी मिली थी, जिसके बाद कई एजेंसियों ने उनके परिसरों की तलाशी शुरू कर दी। इससे पहले, सोमवार को करीब 44 स्कूलों को इसी तरह के ईमेल मिले थे। तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध न मिलने पर पुलिस ने उन धमकियों को अफवाह करार दिया था।

# अतुल सुभाष केस: आरोपी निकिता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में दी अग्रिम जमानत की याचिका



इलाहाबाद (एजेंसी)। बेंगलुरू में काम कर रहे एआई इंजीनियर अतुल सुभाष की आत्महत्या के मामले में आरोपी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास, साले और चाचा ससुर ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के चौखट पर पहुंच गए है। आरोपी पत्नी निकिता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चारों की अग्रिम जमानत के लिए याचिका दाखिल की है। अब बुधवार को याचिका पर अदालत में सुनवाई हो सकती है।

बता दें कि पत्नी और ससुराल वालों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाकर सुसाइड करने वाले अतुल ने डेढ़ घंटे के वीडियो के साथ 23 पेज का एक सुसाइड नोट भी छोड़ा था। इसमें उन्होंने शादी की शुरुआत से लेकर पत्नी से विवाद के बाद खुद पर लगे एक-एक केस और सुसाइड की ओर ढकेलने वाले हर प्वाइंट को विस्तार से समझाया था। अतुल ने आत्महत्या से पहले खुद पर दहेज उत्पीड़न से लेकर हत्या सहित कई मामले दर्ज करने से लेकर सुसाइड के लिए उकसाने का आरोप अपनी पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा, साले अनुराग और पत्नी के चाचा सुशील पर लगाया है।

उधर जांच के लिए बेंगलुरु पुलिस की एक टीम यूपी के जौनपुर पहुंची थी जहां पत्नी निकिता सिंघानिया, सास निशा, साला और अन्य लोग रहते हैं। हालांकि, जब पुलिस वहां पहुंची तब घर पर ताला लटका मिला। क्योंकि, निकिता की मां निशा और उसका भाई अनुराग एक दिन पहले ही घर बंद कर रात में कहीं ओर चले गए है। इसके बाद बेंगलुरु पुलिस ने घर पर नोटिस चस्पा कर दिया था। नोटिस में लिखा था कि बेंगलुरु में दर्ज केस में अपना बयान दर्ज करवाएं। इसी नोटिस के बाद अब निकिता ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दी है।

**अतुल सुभाष पर अब भी तीन मुकदमे**

बता दें कि अतुल पर पत्नी निकिता की ओर से जौनपुर अदालत में कुल पांच मुकदमे दायर किए गए थे। जिसमें निकिता ने तलाक का मुकदमा और सीजेएम कोर्ट में हत्या, मारपीट और अप्राकृतिक यौन संबंध के मुकदमे को बाद में वापस ले लिया था।

# एक साथ चुनाव कराने से देश का संघीय ढांचा कमजोर होगा : महबूबा मुफ्ती



श्रीनगर (एजेंसी)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 'एक देश, एक चुनाव' की अवधारणा देश के संघीय ढांचे को कमजोर करती है। मुफ्ती ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''दुर्भाग्य से, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की यह सरकार दिन-प्रतिदिन भारत के संविधान को नष्ट कर रही है। भारत एक संघीय देश है, जिसका एक संघीय ढांचा है। एक देश, एक चुनाव की बात करके आप संघीय ढांचे को कमजोर कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा कि राजग सरकार 2047 तक विकसित भारत बनाने की बात करती है, लेकिन वास्तव में वे देश को पीछे ले जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''वे 2047 की बात करते हैं, लेकिन वे पीछे की ओर जा रहे हैं। देश के स्वतंत्र होने के बाद शुरुआती वर्षों में एक देश, एक चुनाव था। इसके बाद, क्षेत्रों के बीच सत्ता का वितरण हुआ और संघीय ढांचे का जन्म हुआ। वे हमें उसी तानाशाही की ओर वापस ले जाना चाहते हैं, जो मुझे लगता है कि बहुत ही गलत है।'' इससे पहले, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की एक बैठक में पार्टी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और पीडीपी, दोनों कठिन दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के लोगों से पीडीपी के एजेंडे से समझौता नहीं करने की अपील करते हुए कहा, ''लेकिन, मैं आपको बताना चाहती हूं कि पीडीपी कठिनाइयों और चुनौतियों का सामना करने के लिए अस्तित्व में आई है।'' मुफ्ती ने कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार कैदियों की रिहाई, बिजली, आरक्षण आदि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चुप है। उन्होंने कहा, ''हम सरकार के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उन्हें लोगों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए।

# भारत में कम विदेश में ज्यादा घूमना पसंद कर रहे भारतीय पर्यटक

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल सर्दियों में भारतीय सैलानी भारत में कम और विदेश जाने की ज्यादा बुकिंग करा रहे हैं। यात्रा ऐप 'इक्सिगो' और ऑनलाइन बस टिकट बुकिंग ऐप 'अभीबस' ने एक संयुक्त रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें कहा गया है कि कुछ देश हैं जो बार हॉट डेस्टिनेशन बनकर उभरे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस साल सर्दियों के दौरान थाइलैंड, वियतनाम, लंदन और बाली शीर्ष विदेशी यात्रा स्थलों में उभरे हैं। इन स्थानों के लिए उड़ान बुकिंग में 80-100 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इक्सिगो ने कहा कि इसके साथ ही शिरडी, तिरुपति, अमृतसर और वाराणसी जैसे आध्यात्मिक स्थलों के लिए उड़ान बुकिंग में सालाना 22 प्रतिशत से लेकर 669 प्रतिशत तक की वृद्धि देखी गई है। आंकड़ों में बताया गया कि 20 दिसंबर, 2024 से दो जनवरी, 2025 तक बैंकॉक, फुकेट, अबू धाबी, कोलंबो, सिंगापुर, लंदन, वियतनाम, बाली और दुबई जैसे अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों की यात्रा के लिए उड़ान बुकिंग में सालाना 48-174 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि घरेलू स्तर पर सुंदर ठंडे परिदृश्य और बर्फबारी के आकर्षण के कारण इस मौसम में अधिक यात्री पहाड़ों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। जम्मू, श्रीनगर और देहरादून जैसे उत्तर भारत के प्रमुख पहाड़ी स्टेशनों पर उड़ान बुकिंग में वृद्धि देखी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार, हवाई किराये (एकतरफा) के संदर्भ में, मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी (वियतनाम) जैसे कुछ मार्गों पर 30 दिन की अग्रिम खरीद तिथि (एपीडी) के आधार पर छह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि देखी गई है, जबकि मुंबई-फुकेट जैसे अन्य मार्गों पर 47 प्रतिशत तक की वार्षिक वृद्धि देखी गई है। दूसरी ओर, मुंबई-लंदन मार्ग पर प्रस्थान के लिए हवाई किराये में सालाना 46 प्रतिशत की गिरावट आई है। नई दिल्ली-हो ची मिन्ह सिटी मार्ग पर हवाई किराये में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है।

एकतरफ़ा हवाई किराये की गणना 24 दिसंबर, 2023-एक जनवरी, 2024 के प्रस्थान के लिए और 24 दिसंबर, 2024-एक जनवरी, 2025 के प्रस्थान के लिए की गई है। आंकड़ों के अनुसार, घरेलू स्तर पर हवाई किराये (एकतरफा) के मामले में, दिल्ली-हैदराबाद (प्रस्थान) जैसे मार्गों पर 30 दिन की एपीडी आधार पर पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि बेंगलुरू-लखनऊ और पुणे-नई दिल्ली मार्गों पर यह वृद्धि मात्र तीन प्रतिशत रही है।



# नूंह में पुरानी रंजिश के चलते महिला को जिंदा जलाया, रूह कंपा देगी ये घटना



नूंह । नूंह जिले के पुनहाना थाना क्षेत्र के लहरवाडी गांव में पुरानी रंजिश के चलते महिला पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी, जिससे महिला की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मड़ीखेड़ा अस्पताल पहुंचा दिया है। फिलहाल पुलिस ने चार दर्जन आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटी हुई है।

**पुरानी रंजिश के चलते दिया वारदात को अंजाम**

जानकारी के मुताबिक नूंह जिले के लहरवाडी गांव में लगभग सात महीने पहले जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। जिसमें 21 वर्षीय रिजवान नाम के युवक की मौत हो गई थी। इस मामले में पुनहाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कई लोगों को जेल भेज दिया था। इसी बात को लेकर उसी समय से दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही थी। शुक्रवार को पुलिस जब आरोपी पक्ष के लोगों को सात माह बाद उनके गांव में उनके घरों में बसाने के लिए लाई तो पुलिस के जाने के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। इतना ही नहीं इस दौरान 31 वर्षीय शहनाज पुत्री याकूब की पेट्रोल छिड़ककर हत्या कर दी गई।

**भाई बोला- आरोपी पक्ष ने पहले ही घर में रखा था पेट्रोल**

वहीं मृतक शहनाज के भाई का कहना है कि आरोपी पक्ष ने पहले ही अपने घरों में पेट्रोल रखा हुआ था, जिससे उनकी बहन पर पेट्रोल छिड़ककर माचिस से आग लगा दी।

# बस इतनी-सी बात के लिए ले ली वेटर की जान, वजह जान आप होंगे हैरान

फरीदाबाद । फरीदाबाद शहर के सैनिक कॉलोनी में आयोजत शादी समारोह में सर्विस में देरी होने पर वेटर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरु की। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक का नाम बादशाह खान था, जिसकी सैनिक कॉलोनी में एक शादी समारोह में गोली मार कर हत्या कर दी गई। बादशाह खान आदर्श कॉलोनी का रहने वाला था और शादी समारोह में वेटर का काम करता था। रिसेप्शन में कॉकटेल पार्टी चल रही थी। तभी सर्विस में थोड़ी देरी हुई तो शादी में आए शख्स ने गोली मार दी जिसके चलते उसकी मौत हो गई। वहीं चौकी इंचार्ज सतवीर सिंह ने जानकारी दी है कि गोली अवैध पिस्तौल से मारी गई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# नाबालिग लड़की को पड़ोसी युवक ने बनाया हवस का शिकार, बच्ची ने दिया बच्चे को जन्म

सोनीपत। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में नाबालिग लड़की को पेट दर्द होने की शिकायत पर परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों को बेटी के गर्भवती होने की जानकारी मिली, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे खानपुर रेफर कर दिया। शहर के गीता भवन चौक पहुंचने पर नाबालिग ने एंबुलेंस में प्री-मैच्योर नवजात को जन्म दिया। एंबुलेंस पर तैनात कर्मचारी उसे लेकर वापिस अस्पताल पहुंचे, जहां नवजात को नर्सरी में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने नाबालिग लड़की के पिता के बयान पर आरोपित दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।शहर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत-मजदूरी का काम करता है। गत दिवस देर रात को उसकी नाबालिग बेटी के पेट में दर्द होना शुरू हो गया। वह उसे लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचे। जहां उसे आपातकालीन कक्ष में भर्ती करवाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर रेफर कर दिया। शहर के गीता भवन चौक पहुंचने पर नाबालिग की हालत खराब हो गई। एंबुलेंस में तैनात महिला कर्मचारी ने देखा तो नाबालिग ने नवजात बच्ची को जन्म दिया। उसके बाद दोनों को वापिस अस्पताल में लेकर जाया गया। जहां दोनों की हालत नाजुक बनी हुई है। सिविल लाइन थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की के पिता के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। नाबालिग लड़की व प्री-मैच्यौर नवजात की हालत नाजुक बनी हुई है। उन्हें अस्पताल ( ॥श्ह्यश्चद्बह्लड्डद्य ) में भर्ती करवाया गया है।

# हरियाणा के 17 जिलों में शीतलहर का अलर्ट, हिसार में पड़ रही हाड़ कंपाने वाली ठंड; जानें कब मिलेगी राहत


चंडीगढ़ । उत्तर-पश्चिम से हरियाणा की तरफ आ रही पहाड़ी हवाओं के कारण राज्य शीतलहर की चपेट में है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। हालांकि धूप खिलने से तापमान में मामूली बढ़ोतरी हुई है। रात के न्यूनतम तापमान में औसतन 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद भी यह सामान्य से 2 डिग्री कम है। हिसार में लगातार तीसरे दिन पारा 2 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में 14 और 15 दिसंबर को शीतलहर का यलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार 16 दिसंबर से शीतलहर से राहत मिलने की उम्मीद है।

**इन जिलों में शीतलहर का अलर्ट**

हरियाणा में बढ़ती शीतलहर को देखते हुए 17 जिलों में शीतलहर का यलो अलर्ट जारी किया गया है। जिनमें पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, रोहतक, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नूंह (मेवात) और पलवल शामिल हैं। इन जिलों में 10 से 11 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलेंगी, कुछ जगहों पर बादल छाने के भी आसार हैं।

# डल्लेवाल की सुप्रीम कोर्ट से अपील, कहा- किसानों की मांगो को लेकर सरकार पर बनाया जाए दबाव

नरवाना/जींद । खनौरी बॉर्डर पर आमरन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने संबोधित करते हुए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद किया है। डल्लेवाल बोले सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आंदोलन से ज्यादा जरूरी डल्लेवाल की जिंदगी



जरूरी है, इस पर मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करना चाहुंगा जो मेरी जिंदगी की परवाह की। डल्लेवाल ने आगे कहा कि देश में अभी तक 7 लाख किसान आत्महत्या कर चुके हैं। जो जिंदगी उनके बच्चों के लिए कितनी जरूरी थी। मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट से अपील करना चाहुंगा कि उन्हें सरकार पर दबाव बनाकर किसानों की मांगों को मानने के लिए कहा जाए। कम से कम किसानों को स्वामीनाथन रिपोर्ट के अनुसार रूस्क्कमिले। डल्लेवाल ने कहा, 26 तारीख से किसानों में आक्रोश बहुत ज्यादा है। केंद्र व राज्य सरकारों ने ऐसी गलती ना करें जिसे किसान बर्दाश्त न कर पाएं। अगर ऐसी कोई गलती हुई या किसी किसान का नुकसान हुआ तो उसकी जिम्मेदार केंद्र सरकार होगी।

# हरियाणा सरकार का बड़ा ऐलान, सड़क दुर्घटना में घायलों के लिए इतने लाख तक का होगा मुफ्त इलाज

**चंडीगढ़ ।** हरियाणा में सड़क हादसों में घायल लोगों को सरकार ने बड़ी राहत दी है। सरकार अब सड़क हादसों में घायलों को डेढ़ लाख रुपये का मुफ्त इलाज कराएगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में हरियाणा पुलिस ने यह नई पहल शुरू की है। इस योजना के तहत दुर्घटना की तिथि से अधिकतम 7 दिनों की अवधि तक प्रत्येक सड़क दुर्घटना के लिए प्रति व्यक्ति डेढ़ लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मुहैया कराया जाएगा। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) हरदीप दून ने प्रदेश के सभी संबंधित अधिकारियों व जिलों को पत्र जारी कर इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं।



इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बताया कि प्रदेश की सड़कों को आमजन के लिए सुरक्षित बनाना हमारी प्राथमिकताओं में से एक है ऐसे में जरूरी है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए एक बेहतर और प्रभावी कार्य योजना तैयार करते हुए उन पर काम किया जाए। इसी कड़ी में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निःशुल्क उपचार संबंधी सुविधाएं उपलब्ध करवाने की शुरूआत की गई है। उन्होंने बताया कि यह पायलेट प्रौजेक्ट नेशनल हैल्थ अथोरिटी द्वारा स्थानीय पुलिस व राज्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनुबंधित अस्तपतालों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से लागू किया जाएगा। इस दौरान दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का मोटर व्हीकल एक्ट 1988 की धारा 162 के तहत अधिकतम 7 दिनों तक 1.5 लाख रूप्ये की सीमा तक निःशुल्क ईलाज किया जाएगा।

**कैशलैस सुविधा लेने की प्रक्रिया**

इस योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाया जाता है। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपने यहां साफटवेयर में घायल व्यक्ति का डेटा अपलोड करके संबंधित पुलिस थाने में भेजा जाता है जिसके बाद संबंधित पुलिस थाने द्वारा 6 घंटे के भीतर पुष्टि की जाती है कि घायल व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल हुआ है अथवा नही। पुष्टि होने के उपरांत घायल व्यक्ति को कैशलैस ईलाज की सुविधा दी जाती है।

**तुलनात्मक विश्लेषण, उपलब्धियां व उपाय**

कपूर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए हरियाणा पुलिस द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केन्द्रित करते हुए काम किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 2023 की अपेक्षा वर्ष 2024 में 616 सड़क हादसों में कमी दर्ज की गई है। इसके साथ ही, वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में 251 सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु में भी कमी आई है तथा 403 लोग कम घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2024 से लेकर नवंबर 2024 के अंत तक हरियाणा पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा के 2166 जागरूकता अभियान चलाए गए जिनके माध्यम से 2 लाख 91 हजार 307 बच्चों व अन्य लोगों ने भागीदारी सुनिश्चित की। इसके अलावा, वर्ष-2024 में 6 विशेष अभियान चलाए गए जिनमें से पांच अभियान लेन ड्राइविंग तथा एक विशेष अभियान वाहनों पर ब्लैक फिल्म लगाने वालों के खिलाफ चलाया गया। विशेष अभियान के दौरान प्रदेश में 27 हजार 321 वाहनों के चालान किए गए जिनमें से 2600 चालान ब्लैक फिल्म लगाने वाले वाहनों के चालान किए गए।

**रणनीतिक सांझेदारी**

इसके साथ ही प्रदेश में ऐसे ब्लैक स्पॉट्स भी चिन्हित किए गए हैं जहां पर सड़क दुर्घटनाएं अपेक्षाकृत अधिक होती हैं। इन ब्लैक स्पॉट्स को संबंधित रोड़ इंजीनियरिंग विभागों के साथ तालमेल स्थापित करते हुए इन्हें ठीक करवाया जाता है। सड़क सुरक्षा संबंधी विषय की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश के अलग-2 जिलो में सड़क सुरक्षा समिति गठित की गई हैं जिसके द्वारा एजेंडावार सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित बैठकें की जाती हैं। वर्ष-2024 में अक्टूबर माह के अंत तक इस प्रकार की 107 बैठकें आयोजित की गई हैं जिसकी अध्यक्षता संबंधित जिले के उपायुक्त द्वारा की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा समिति द्वारा वर्ष-2024 में 19 हजार 261 स्कूल बसों की चैकिंग की गई जिनमें से 4,657 स्कूल बसों का अनियमितता पाए जाने पर चालान किए गए। श्री कपूर ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में कुल 66 टोल प्लाजा है जिन पर वे-इन-मोशन मशीनें लगाई जानी है इनमें से 54 टोल प्लाजा पर ये मशीने लगाई जा चुकी है जिनमें से 29 वे इन मोशल मशीनों के माध्यम से ओवरलोडिड वाहनों के चालान किए जा रहे हैं और जल्द ही अन्य टोल प्लाजा पर भी इसे शुरू किया जाएगा।

**डीजीपी की अपील**

कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा एक महत्वपूर्ण विषय है। आमजन को सड़कों को सुरक्षित बनाने में अपना सहयोग देना चाहिए और वाहनों को निर्धारित गति सीमा में ही चलाना चाहिए। हरियाणा पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं व गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय लोग मोबाइल फोन आदि का भी इस्तेमाल ना करें। व्यक्ति की जरा सी लापरवाही ना केवल उनके स्वयं के लिए बल्कि दूसरे व्यक्तियों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

# कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का किसान आंदोलन को लेकर बयान, बोले- कोर्ट ने बनाई कमेटी किसान भाई रखे संयम

**रोहतक।** किसान आंदोलन के एक बार फिर से सक्रिय होने पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का बड़ा बयान सामने आया है। विपुल गोयल ने किसानों से संयम रखने की अपील की है । उन्होंने कहा कि यह मामला कोर्ट में है यहां तक की कोर्ट ने कमेटी भी बनाई हुई है। हरियाणा सरकार देश में सबसे ज्यादा एमएसपी देने वाला राज्य है। उन्होंने जल्द ही निकाय चुनाव होने की भी उम्मीद जताई है विपुल गोयल आज रोहतक में कार्यक्रम में पहुंचे थे।




प्रदेश में एक बार फिर से किसान आंदोलन की शुरुआत होने लगी है, ऐसे में तमाम नेता किसानों पर बयान देने से बचते हुए नजर आते हैं। रोहतक में एक कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने तो किसानों को संयम रखने की अपील की है। विपुल गोयल ने कहा कि किसानों के लिए कोर्ट में कमेटी बनाई गई थी और उसी अनुसार किसानों को काम करना चाहिए।

गोयल ने कहा कि हरियाणा प्रदेश देश का सबसे पहला ऐसा राज्य है जो 20 फसलों पर किसानों को एमएसपी की गारंटी देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानो की सच्ची हितेषी सरकार है इसलिए किसी के बहकावे में न आकर किसान संयम से काम ले।

विपुल गोयल ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधा उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जनता आईना दिखा चुकी है। ऐसे में उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है , जिस तरह से भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था कि सरकार ऐसी फसलों पर एमएसपी दे रही है । हरियाणा में पैदा ही नहीं होती इस सवाल के जवाब पर विपुल गोयल ने कहा बेवजह मामले को तूल दिया जा रहा है जबकि सरकार किसान हितेषी है। उन्होंने राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के किसान आंदोलन में आए किसानों को नशेड़ी बताने पर भी प्रतिक्रिया दी उन्होंने कहा कि उनके बयान को मैंने नहीं सुना है और ना ही इस पर कोई प्रतिक्रिया दी जा सकती है। विपुल गोयल ने प्रदेश में जल्द ही नगर निगम व निकाय चुनाव होने की बात कही है उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए पूरी तरह से तैयार है।

# किसानों के दिल्ली कूच पर अनिल विज ने दी प्रतिक्रिया, कहा- सुप्रीम कोर्ट की बात मानें किसान



**अंबाला ।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से आज किसान एक बार फिर दिल्ली के लिए कूच करने वाले हैं। इस पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किसानों की चर्चा सुप्रीम कोर्ट से चल रही है और सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि किसानों के साथ जो चर्चा चल रही है वह ठीक ट्रैक पर है। उसके लिए हमें थोड़ा समय चाहिए और किसानों को थोड़े समय के लिए अपना आंदोलन स्थगित कर देना चाहिए। विज ने कहा कि मुझे लगता है कि किसानों को सुप्रीम कोर्ट की बात मान लेनी चाहिए।

वहीं कांग्रेसी सांसद प्रियंका गांधी ने ब्यान दिया था कि मोदी को संविधान समझ नहीं आया, यह कोई संघ की किताब नहीं है। इस पर भी विज ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कांग्रेसी संविधान की लाल किताब लिए घूम रहे हैं वो आपातकाल में तत्काल प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने संविधान को छलनी किया था। इस किताब पर उस खून का रंग है, संविधान कि आत्मा के साथ छेड़छाड़ की गई थी। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया उसमें धर्मनिरपेक्ष और समाजवाद शब्द नहीं था। बाबा साहब भी ये शब्द लिख सकते थे लेकिन उन्होंने नहीं लिखा। उस वक्त की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संविधान के मूल भाव को बदल दिया और संविधान जख्मी हुआ है, उस पर संविधान का खून लगा हुआ है।

# कभी सुरेंद्र सिंह के सारथी रहे सुरेंद्र अहलावत के शामिल होने से हरियाणा में 'आप' होगी मजबूत

**चंडीगढ़।** हरियाणा में जनता की ओर से कांग्रेस को नकारे जाने के बाद अब राजनेता सरकार के विकल्प और अपने राजनीतिक भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए एक नए दल की तलाश कर रहे हैं। ऐसे में आम आदमी पार्टी इस प्रकार के नेताओं के लिए एक विकल्प बनकर सामने आई है। भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ चुके पानीपत के सुरेंद्र अहलावत ने भी आम आदमी पार्टी में शामिल होकर अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरूआत की है। अहलावत के आप में आने से पार्टी को हरियाणा में पहले से अधिक मजबूती मिलेगी। भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने के अलावा सुरेंद्र अहलावत बीजेपी में कई अहम पदों पर भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। इसके अलावा वह चौधरी बंसीलाल की हरियाणा विकास पार्टी में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं। सुरेंद्र अहलावत वर्ष 2000 में समालखा से पंचायती प्रत्याशी के रूप में भी विधायक का चुनाव लड़ चुके हैं। उस समय उन्हें 18 हजार के करीब वोट हासिल हुई थी।

**बंसीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह के थे खास !**

समालखा से आजाद प्रत्याशी और पानीपत ग्रामीण से बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ चुके सुरेंद्र अहलावत की प्रदेश के कगईं ग्रामीण इलाकों में अच्छी पकड़ है। चौधरी बंसीलाल की हरियाणा विकास पार्टी में भी सुरेंद्र अहलावत काफी महत्वपूर्ण भूमिका में थे। वह चौधरी बंसीलाल के बेटे सुरेंद्र सिंह के राइटहैंड माने जाते थे। बंसीलाल और सुरेंद्र सिंह की ग्रामीण इलाकों पर अच्छी पकड़ थी। उनके साथ रहते हुए सुरेंद्र अहलावत ने भी उनके गुर सीखे और उस पर अमल करते हुए प्रदेश के कईं ग्रामीण इलाकों में अपनी पकड़ मजबूत करने का काम किया। अब चूंकि वह आम आदमी पार्टी के नेता के रूप में अपनी नई राजनीतिक पारी की शुरूआत कर चुके हैं। ऐसे में प्रदेश के कईं ग्रामीण इलाकों में आम आदमी पार्टी को मजबूती मिलने से इंकार नहीं किया जा सकता।

**'आप ही एकमात्र विकल्प बचा'**

सुरेंद्र अहलावत ने कहा कि जनता के हित में काम करने के लिए अब आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प बचा है। उन्होंने हरियाणा के विकास की जिम्मेदारी केवल अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आप पर डाली और कहा कि केवल आम आदमी पार्टी ही जन विरोधी सरकार को हराने का दम रखती है। उन्होंने सर्व जातीय जन पंचायत के सभी सदस्यों के विचार-विमर्श के बाद ही आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया था। अहलावत ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में इस जनविरोधी सरकार का मुकाबला करने में असमर्थ रही है। जनता के आह्वान और लोगों की मांग के अनुसार जन आवाज को बुलंद करने के लिए एक राजनीतिक फ्रंट की जरूरत थी, जो इस जन विरोधी सरकार का विकल्प बन सके। इसलिए सभी साथियों से विचार करने के बाद जनता की लड़ाई को मजबूती से लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी में शामिल होने का फैसला लिया, जिससे हर फ्रंट और हर मोर्चे पर आमजन की लड़ाई को लड़ा जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में आम आदमी पार्टी हरियामा में जनविरोधी सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए इस सरकार को परास्त करने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के सभी राजनीतिक लोगों की सोच है कि हरियाणा से बीजेपी की जनविरोधी सरकार को को परास्त करने के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हरियाणा में केवल आम आदमी पार्टी ही एकमात्र विकल्प है। यहीं कारण है कि आज प्रदेश के सभी राजनीतिक लोग आम आदमी पार्टी की ओर आशा भरी नजरों से देख रहें हैं।

**कईं चुनावों में निभाई अहम जिम्मेदारी**

इस दौरान आप के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने बताया कि सुरेंद्र अहलावत भारतीय जनता पार्टी में कईं पदों पर कार्य कर चुके हैं। वह बीजेपी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य, करनाल लोकसभा चुनाव के सह प्रभारी, पानीपत ग्रामीण लोकसभा चुनाव के प्रभारी रह चुके हैं। इसके अलावा 2009 में बीजेपी की टिकट पर पानीपत ग्रामीण से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं।

# हरियाणा में महिलाओं को कब से मिलेंगे प्रति महीना 2100 रूपए, सीएम सैनी ने दिया ये जबाव

चंडीगढ़ । दिल्ली सरकार ने महिलाओं के लिए योजना का ऐलान कर दिया है। इसके बाद अब हरियाणा में भी ये सवाल उठने शुरू हो गए हैं कि बीजेपी ने घोषणापत्र में महिलाओं को 2100 रुपये देने का जो वादा किया था। उसे हरियाणा सरकार कब पूरा करेगी। इसको लेकर सीएम सैनी ने जवाब दिया है कि जल्दी ही हम हरियाणा की महिलाओं को 2100 रुपये देने का काम करेंगे।

**महिलाओं को जल्द मिलेगा 2100 रुपए** - सीएम नायब सैनी ने कहा कि अब जो बजट सत्र आएगा उसमें हम इसको लेकर प्रावधान कर देंगे। उसके बाद महिलाओं को 2100 रुपये मिलना शुरू हो जाएंगे। इस दौरान सीएम ने कहा कि जब मैं सांसद था तो लोग मेरे पास आते थे और डायलिसिस के लिए सरकारी अस्पतालों में सिफारिश के लिए कहते थे। कई तो ऐसे थे जो मुझ तक पहुंच भी नहीं सकते थे। इसलिए हमने सरकार बनते ही हरियाणा के सभी अस्पतालों में डायलिसिस की सुविधा सभी के लिए फ्री कर दी। इसके अलावा युवाओं को नौकरी के सवाल पर सीएम सैनी ने कहा पिछली सरकार में बिना पर्ची और खर्ची के नौकरी नहीं लगती थी, लेकिन हमारी सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के युवाओं को नौकरी देने का काम किया है।

# कुमारी सैलजा ने उठाई सिरसा और फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट दुरुस्त करने की मांग

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिख कर सिरसा व फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट दुरुस्त करने की मांग है। इसके साथ ही राजमार्ग पर 61 करोड़ की लागत से बनाए गए नाले की निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की गई है। उन्होंने पत्र के माध्यम से केंद्रीय सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को बताया है कि हरियाणा के हिसार-सिरसा चार मार्गीय मार्ग पर सिरसा व फतेहाबाद के एंट्री प्वाइंट पर लाइटों का प्रबंध करने और संकेतक लगाए जाने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि हिसार-सिरसा चार मार्गीय एनएच-10 पर फतेहाबाद नगर स्थित है। जब यात्री हिसार से फतेहाबाद और फतेहाबाद से सिरसा नगर में प्रवेश करते है तो इस मार्ग पर पहली बार आने वाले यात्रियों को खासकर रात में परेशानी का सामना करना पड़ता है, इन दोनों ही एंट्री प्वाइंटों पर लाइट का कोई प्रबंध नहीं है और न ही किसी प्रकार के संकेतक लगे हुए है।

ऐसे में यात्री वाहन गलत दिशा में चले जाते है या सीधे हाईवे पर चढ़ जाते है, सिरसा में प्रवेश करने वाला यात्री वाहन डबवाली की ओर चला जाता है, इसी प्रकार फतेहाबाद वाले वाहन भी गलत दिशा में चले जाते है। इसके अतिरिक्त, हिसार से डबवाली के बीच मुख्य-मुख्य कस्बों व गांवों के पास करीब 41 किमी लंबा नाला दोनों तरफ बनाया गया है जिस पर 61 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

नाला की स्लैब टूट जाने के कारण वह वर्तमान में अनुपयोगी है। साथ ही बारिश के पानी की निकासी के नाम पर जो करोड़ों रुपये बर्बाद कर दिए हैं इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि इन दोनों स्थानों पर लाइट का उचित प्रबंध किया जाए साथ ही संकेतक भी लगाए जाएं और नाले की मरम्मत कर नाले के पानी की निकासी का उचित प्रबंध किया जाए, जिससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

**किसानों पर आंसू गैस के गोले चलाने की बजाय उनकी मांगों को पूरा करे सरकार**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा लोकसभा से सांसद कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों की मांगों को मान कर राहत दी जाए। उन्होंने कहा




कि किसान अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं पर सरकार द्वारा उनकी मांगों को मानने की जगह उन पर आंसू गैस के गोले व डंडे बरसाए जा रहे हैं। किसानों के साथ इस प्रकार का व्यवहार करना उचित नहीं है। कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों की मांगों को पूरा किया जाए ताकि उनको आंदोलन करने की जरूरत ही न पड़े।

# तीसरा टेस्ट : बारिश ने धोया पहला दिन, ऑस्ट्रेलिया 28-0

**ब्रिस्बेन (एजेंसी)।** शनिवार को गाबा में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के पहले दिन लगातार बारिश ने खेल को रोक दिया। बारिश के कारण खेल रद्द होने से पहले ऑस्ट्रेलिया ने 13.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 28 रन बनाए थे। उस्मान ख्वाजा 19 और नाथन मैकस्वीनी 4 रन बनाकर नाबाद रहे।

बीसीसीआई ने जानकारी दी, 'आज का खेल बारिश के कारण रोक दिया गया है। खेल अब रविवार सुबह 9ः50 बजे (स्थानीय समय) से शुरू होगा और हर दिन कम से कम 98 ओवर फेंके जाएंगे।'

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने बताया कि शनिवार के दिन के लिए खरीदे गए टिकटों की पूरी राशि लौटाई जाएगी, क्योंकि केवल 15 ओवर से कम का खेल हो सका। बारिश के लंबे ब्रेक के चलते दर्शक मैदान छोड़कर चले गए। सीए की नीति के अनुसार, अगर 15 ओवर से कम खेल होता है और किसी भी दिन मैच का परिणाम नहीं निकलता, तो टिकट धारकों को पूरा रिफंड दिया जाता है।

शनिवार सुबह 9 बजे से ब्रिस्बेन में 66.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को 50त्न बारिश की संभावना है। सोमवार से बुधवार तक बारिश की संभावना और ज्यादा है, लेकिन यह स्थिति बदल भी सकती है।

इससे पहले, सुबह बादलों से घिरे मौसम में भारत ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। टीम में बदलाव के तहत रवींद्र जडेजा और आकाश दीप को अश्विन और हर्षित राणा की जगह शामिल किया गया। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने सही लाइन और लेंथ खोजने की कोशिश की, लेकिन पिच से सीम मूवमेंट नहीं मिला। उस्मान ख्वाजा ने सिराज की एक शॉर्ट बॉल को मिड-विकेट पर आसानी से चौके के लिए भेज दिया। बारिश ने पहली बार 5.3 ओवर के बाद खेल रोका, जिसके कारण खिलाड़ी 30 मिनट तक मैदान से बाहर रहे।

ब्रेक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने फुलर गेंदें डालने की कोशिश की, जिससे कुछ मूवमेंट मिला। लेकिन ख्वाजा और मैकस्वीनी ने मजबूती से खेल जारी रखा। फिर बारिश के कारण जल्दी लंच कर दिया गया और और अंततः पूरे दिन का खेल खत्म कर दिया।




# कार्ल हॉपकिंसन को मुंबई इंडियंस का नया फील्डिंग कोच बनाया गया

**मुंबई (एजेंसी)।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने कहा कि टीम ने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। हॉपकिंसन ने जेम्स पैमेंट की जगह ली है, जो सात साल तक मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच रहे थे। न्यूजीलैंड के मूल निवासी पैमेंट 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की लगातार खिताबी जीत का हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने कहा, हम उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं। हॉपकिंसन ने हाल ही में इंग्लैंड के लंबे समय से चले आ रहे फील्डिंग कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया है, यह भूमिका उन्होंने 2018 में संभाली थी। वे 2019 में घरेलू धरती पर इंग्लैंड के वनडे विश्व कप और नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीत में शामिल थे। हॉपकिंसन वेस्टइंडीज में 2022 में अंडर19 विश्व कप में इंग्लैंड अंडर19 टीम के मुख्य फील्डिंग कोच भी थे, जहां वे 1998 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने के बाद भारत के बाद उपविजेता रहे।

हॉपकिंसन ने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 2,705 रन बनाए और 27.60 की औसत से रन बनाए, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। उन्होंने 92 लिस्ट ए मैचों में 1,400 रन और 28 टी20 मैचों में 165 रन बनाए,



इसके अलावा 2007 में काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली ससेक्स के अहम सदस्य भी रहे। फील्डिंग कोच के रूप में उनका काम अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग टी20 में ससेक्स टीम के साथ शुरू हुआ, 2010 से टीम के कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़े रहे।

आईपीएल 2025 के लिए, मुंबई के पास रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की मजबूत भारतीय चौकड़ी के साथ हार्दिक पांड्या कप्तान है। जेद्दा में पिछले महीने की मेगा नीलामी में, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपली जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया। उन्होंने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ अल्लाह ग़ज़नफ़र, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया।

# डब्ल्यूपीएल 2025 नीलामी आज, 120 खिलाड़ियों को खरीदने लगेगी बोली




**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय किकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के लिए नीलामी रविवार को बेंगलुरु में होगी। इस लीग में 120 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए पांच फ्रेंचाइजी नीलामी में उतरेंगी। नीलामी पूल में 91 भारतीय जबकि 29 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी रहेंगे। इसमें एसोसिएट नेशंस की तीन उभरती हुई खिलाड़ी भी शामिल रहेंगी। नीलामी में उतर रही 30 खिलाड़ी (9 भारतीय, 21 विदेशी) कैप्ड हैं, जबकि (82 भारतीय, 8 विदेशी) सहित 90 अनकैप्ड हैं । अधिकतर फ्रेंचाइजी ने अपनी कोर टीमों को बनाए रखने केवल 19 स्लॉट खुले रखे हैं, जिनमें विदेशी खिलाड़ियों के लिए 5 शामिल हैं।

इस साल की नीलामी में डिएंड्रा डॉटिन (वेस्टइंडीज), हीथर नाइट (इंग्लैंड), ओर्ला प्रेंडरगास्ट (आयरलैंड), लॉरेन बेल (इंग्लैंड), किम गार्थ (ऑस्ट्रेलिया) और डेनियल गिब्सन (इंग्लैंड) जैसे खिलाड़ी भी शामिल रहेंगी।

नीलाम के लिए सबसे अधिक रकम गुजरात जायंट्स के पास 4.4 करोड़ रुपये है जबकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पास 3.25 करोड़ रुपये, मुंबई इंडियंस के पास 2.65 करोड़ रुपये और दिल्ली कैपिटल्स के पास 2.5 करोड़ रुपये हैं। नीलामी दोपहर 3 बजे शुरू होगी जबकि प्रसारण 30 मिनट पहले शुरू होगा। नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग भी होगी। इसके साथ ही इसका टीवी प्रसारण भी होगा।

# महिला टी20 : खराब फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम का सामना अब वेस्टइंडीज से

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** लगातार आलोचना का सामना कर रही हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे मैच हारने के गम को भुलाकर रविवार से यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना होगा।

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 2019 से अब तक टी20 प्रारूप में सभी आठ मैच जीते हैं। लेकिन इस लय को बनाये रखने के लिये भारतीय टीम को आत्मविश्वास के साथ उतरना होगा और अपने संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करना होगा।

आस्ट्रेलिया में वनडे श्रृंखला के दौरान चयन के कई विवादित फैसलों के कारण हरमनप्रीत पर सवाल उठे हैं। देखना यह है कि कब तक चयनकर्ता उन पर भरोसा बनाये रखते हैं और स्मृति मंधाना को बागडोर सौंपने के लिये इंतजार करते हैं। टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारत की यह पहली टी20 श्रृंखला है। भारत ने न्यूजीलैंड को घरेलू वनडे श्रृंखला में हराया था लेकिन आस्ट्रेलिया में 3.0 से पराजय का सामना करना पड़ा।

हरमनप्रीत का अपना बल्लेबाजी फॉर्म चिंता का सबब है और कप्तानी में कुछ नया नहीं कर पाने से भी टीम की मुश्किलें बढी है। चयनकर्ताओं ने एक बार फिर शेफाली वर्मा को जगह नहीं दी है हालांकि भारत में टी20 क्रिकेट में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। आस्ट्रेलिया में पर्थ में बुधवार को आखिरी वनडे हारकर लौटी भारतीय टीम को पर्याप्त आराम नहीं मिला है और उसे रविवार को यहां डी वाई पाटिल स्टेडियम पर पहला मैच खेलना है।





तीनों मैच एक एक दिन के अंतराल पर होंगे जिसमें टीम की फिटनेस और मनोबल की कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम पूजा वस्त्राकर, श्रेयांका पाटिल, यास्तिका भाटिया, प्रिया पूनिया और शेफाली के बिना खेल रही है। शेफाली ने इस प्रारूप में 2024 में सर्वाधिक 531 रन बनाये हैं।

आस्ट्रेलिया दौरे पर उनका चयन इसलिये नहीं किया गया क्योंकि वनडे में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है लेकिन टी20 टीम में नहीं चुना जाना समझ से परे है। इससे रिचा घोष पर दबाव बढेगा जो निचले क्रम पर तेजी से रन बनाती है। पूनिया के भी चोट के कारण बाहर होने से घोष को पारी का आगाज करना होगा।


इसी तरह तेज गेंदबाज अरूंधति रेड्डी को भी नहीं चुना गया जिन्होंने तीन दिन पहले आस्ट्रेलिया में वनडे में चार विकेट लिये थे। टी20 विश्व कप में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है। दूसर ओर वेस्टइंडीज ने इस साल 13 में से नौ टी20 मैच जीते हैं। उसने इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में हराया। उसे सीनियर हरफनमौला स्टेफानी टेलर की कमी खलेगी जो चोट के कारण बाहर हैं।

# बुमराह जब परेशान हो उठे

ब्रिस्बेन । टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमाराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन परेशान नजर आये । बारिश के कारया आज हालांकि काफी कम ओवर हुए । 4.5 ओवर के बाद ही बुमराह गाबा की पिच से परेशान हो गये। इस दौरान वह कहने लगे कि गेंद स्विंग नहीं ले रही और ये बात स्टंप माइक में भी कैद हो गयी । बुमराह जब टीम इंडिया के लिए पांचवा ओवर कर रहे थे तो उन्होंने गेंद को स्विंग कराने के लिए अपना पूरा जोर लगाया । ओवरकास्ट कंडीशन होने के कारण नई गेंद से उम्मीद की जा रही थी कि वह लहराएगी पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा था जिससे बुमराह झुंझला गये और कहने लगे कि कि कही से भी गें कर रहा हूं ये स्विंग नहीं हो रही है । सोशल मीडिया पर इसका वीडियो जमकर वायरल हो रहा है ।यहां टेस्ट मैच का पहला दिन बारिश से प्रभावित रहा । खेल के पहले दिन सिर्फ 13.2 ओवर का खेल हो पाया । खेल के पहले ही घंटे में तेज बारिश शुरू हो गई ।



# बाबर टी20 में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने



सेंचुरियन । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में 31 रनों की पारी के साथ ही एक अहम अपने नाम कर ली है । बाबर अब टी20 प्रारुप में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अपनी पारी के दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के आतिशी बल्लेबाज क्रिस गेल के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया । दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर ने यह रिकॉर्ड 298 पारियों में बनाया जबकि गेल को टी20 में 11000 रन बनाने के लिए 314 पारियां खेलनी पड़ी थीं । वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने इस आंकड़े तक पहुंचने 330 पारियां जबकि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विरराट कोहली ने 337 पारियां खेली थीं । बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 20 गेंदों में 31 रन बनाए । उनकी इस पारी में 3 चौके और एक छक्का शामिल था । टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भारत के रोहित शर्मा के नाम है । रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में 4231 रन बनाए हैं । वहीं बाबर को रोहित का रिकार्ड तोड़ने 10 रन की जरूरत है । बाबर ने 128 मैचों में 4221 रन बनाए हैं । बाबर के नाम टी20 अंतराष्ट्रीय में 3 शतक और 36 अर्धशतक है । बाबर इंटरनेशनल क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाले पाकिस्तान के पांचवें बल्लेबाज हैं । इस सूची में इंजमाम उल हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद हैं ।

# रीजा हेंड्रिक्स के शतक से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में भी पाक को हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त मिली

**सेंचुरियन (एजेंसी)।** रीजा हेंड्रिक्स 117 और रासी वान डर डुसन के 68 रनों की शानदार पारियों की सहायता से मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टी20 में भी पाकिस्तान को हरा दिया। इससे साथ ही दक्षिण अफ्रीकी टीम ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में पाक ने पहले बल्लबाजी करते हुए युवा सलामी बल्लेबाज सैयम अयूब के 98 रनों और बाबर आजम के 31 रनों की सहायता से पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 206 रन बनाए। इस मैच में पाक कप्तान मोहम्मद रिजवान 13 गेंदों पर 11 रन ही बना पाये। अयूब ने 57 गेंदों पर 11 चौकों और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 98 रन बनाए जबकि इरफान खान ने 16 गेंदों पर तेजी से 30 रन बनाये। बाबर ने भी 20 गेंदों पर 31 रन बनाये। मेजबान टीम की ओर से डी गलिऐम और ओर्टनिकल बार्टमैन ने दो दो विकेट लिए जबकि एक विकेट जॉर्ज लिंडे को मिला।

जीत के लिए मिले 207 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत शुरुआत अच्छी नहीं रही। दक्षिण अफ्रीका ने 28 के स्कोर पर ही दो विकेट खो दिये। इसके बाद सलामी बल्लेबाज रीजा ने तेजी से रन बनाये। रीजा ने शुरुआती झटको को पीछे छोड़ते हुए डुसन के साथ पारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने स्कोर 185 रनों तक पहुंचाया। रीजा ने 63 गेंदों पर 117 रन बनाये इसमें 10 छक्के और 7 चौके शामिल थे। वहीं डुसन 38 गेंदों पर नाबाद 66 रन बनाये कप्तान हेनरिक क्लासेन भी 8 रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका ने 19 ओवर और 3 गेंदों में ही 3 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। इस मैच में पाक की ओर से जुनैद खान ने 2 विकेट जबके अब्बास अफरीदी ने एक विकेट लिया। शाहीन अफरीदी को एक भी विकेट नहीं मिला।





# अपने अंतिम टेस्ट में साउदी ने की गेल के एक रिकार्ड की बराबरी



वेलिंगटन । न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी ने अपने करियर के अंतिम टेस्ट मैच में अपनी पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल के 98 छक्के मारने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली । टेस्ट क्रिकेट में साउदी के भी नाम अब 98 छक्के हो गये हैं । साउदी इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में जब बल्लेबाजी के लिए आये तो उन्हें अपने विदाई टेस्ट के लिए इंग्लैंड के खिलाड़ियों से गार्ड ऑफ ऑनर मिला । साउदी अपनी पारी की पहली गेंद पर बेन स्टोक्स की गेंद पर विफल रहे । वहीं स्टोक्स के अगले ओवर में ही साउदी ने मिड–विकेट और डीप स्क्वायर–लेग पर दो बड़े छक्के लगाये । अपनी धमाकेदार फॉर्म को जारी रखते हुए, साउदी ने गस एटकिंसन के अगले ओवर की पहली गेंद पर ही एक छक्का लगा दिया। साउदी 10 गेंदों में 23 रन बनाकर पेवेलियन लौटे । इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 230 रहा, जो न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज द्वारा 10 गेंदों में तीसरी सबसे तेज टेस्ट पारी थी । सूची में दूसरा स्थान भी साउदी का ही है । उन्होंने साल 2019 में श्रीलंका के खिलाफ 10 गेंदों में नाबाद 24 रन बनाये थे । अपनी पारी के दौरान, साउदी दूसरे छक्के के साथ ही दक्षि अफ्रीका के जैक्स कैलिस के 97 की बराबरी पर आ गये । वहीं तीसरे छक्के के साथ ही वह क्रिस गेल के साथ चौथे स्थान पर आ गये ।

# इमाद के बाद आमिर ने भी संन्यास लिया


**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान में ऑलराउंडर इमाद वसीम के बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूसरी बार संन्यास लिया है। इस प्रकार 24 घंटे के अंदर दो खिलाड़ियों ने संन्यास ले लिया। इन दोनो ही खिलाड़ियों ने पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अनुरोध पर टी20 विश्व कप के लिए संन्यास से वापसी की थी पर उसमें ये दोनो ही बेहतर प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। दोनों खिलाड़ियों ने उसी से निराश होकर खेल को अलविदा कहना ही बेहतर समझा। आमिर ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पत्र लिखकर अपने संन्यास की घोषणा की है। आमिर ने लिखा कि उनके लिए पाकिस्तान की ओर से तीनों प्रारुपों में खेलना गर्व की बात है। आमिर ने लिखा कि संन्यास का ये फैसला मेरे लिए कठिन था पर उन्हें लगा कि संन्यास लेने का यही सही समय है। आमिर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के लिए आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का अब समय आ गया है। आमिर ने साल 2009 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करते हुए 36 टेस्ट, 61 एकदिवसीय और 62 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। आमिर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 271 विकेट लिए है जबकि बल्लेबाज में 1179 रन बनाए हैं। जिसमें टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 के रन शामिल है। आमिर के लिए टी20 विश्व कप 2024 अंतिम टूर्नामेंट रहा। आमिर से एक दिन पहले इमाद वसीम ने भी संन्यास की घोषणा की थी। इमाद के लिए टी20 विश्व कप



अंतिम टूर्नामेंट रहा। इमाद वसीम ने मई 2015 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया के बाद से ही 55 एकदिवसीय और 75 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 117 विकेट लेने के साथ ही 1540 रन बनाये हैं।

# संजीव गोयनका ने केएल राहुल को नहीं किया रिटेन, अब बताया राहुल वाकई में टैलेंटेड

नई दिल्ली । आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने केएल राहुल को रिटेन नहीं किया था । संजीव ने न ही उन्हें ऑक्शन में टीम में शामिल करने की कोशिश की थी । पिछली बार राहुल की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खराब था, इसकारण संजीव ने उन्हें फटकार भी लगा दी थी । हालांकि, ऑक्शन के कुछ दिन बाद संजीव ने कहा है कि राहुल टैलेंटेड हैं। लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने कहा, राहुल हमेशा से मेरी फैमिली की तरह रहे हैं और हमेशा रहने वाले है । उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स की सिर्फ कप्तानी ही नहीं की है बल्कि उन्होंने परफॉर्म भी अच्छा किया है। मैं उनके लिए अच्छे फॉर्म के लिए शुभकामनाएं देता हूं । वह एक अच्छा इंसान है और अच्छी चीजें अच्छे इंसान के साथ होती है । उन्होंने कहा कि राहुल सच में टैलेंटेड है । मुझे उम्मीद है कि उनका टैलेंट टीम इंडिया के लिए जरूर काम आएगा । बता दें कि आईपीएल 2025 के लिए केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है । षभ पंत के बाहर होने के कारण वह टीम की कमान भी संभाल सकते हैं । आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीमः अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स, अविषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जैक फ्रेजर–मैकगर्क, टी नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा का नाम शामिल है ।




# मलाल तो है, लेकिन कोशिश करूंगा, टीम इंडिया में वापसी करूंगा: रजत पाटीदार

**बेंगलुरू (एजेंसी)** । रजत पाटीदार का अंतरराष्ट्रीय करियर उस तरह आगे नहीं बढ़ पाया जैसा वह चाहते थे लेकिन मध्य प्रदेश के बल्लेबाज को घरेलू मैचों के जरिए फिर से मौका हासिल कर भारतीय टीम की जर्सी पहनने का भरोसा है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पाटीदार 6 पारियों में केवल 63 रन बना सके थे। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने हालांकि रणजी ट्रॉफी के शुरुआती चरण और मौजूदा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

पाटीदार ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल की पूर्व संध्या पर शनिवार को यहां कहा कि मुझे टेस्ट टीम में जगह बनाकर अच्छा लगा था। मुझे हालांकि कभी-कभी बुरा लगता है कि मैं मौके को भुना नहीं पाया। कभी-कभी चीजें आपके मुताबिक नहीं होतीं और यह ठीक है। पाटीदार ने अपनी 'असफलता% स्वीकार कर ली है और उस निराशा को पीछे छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चीजों को स्वीकार करना सफलता की ओर बढ़ने का पहला कदम है। आपको यह स्वीकार करना होगा कि क्रिकेट यात्रा में असफलता मिलेगी। इसलिए, मेरे लिए इसका सामना करना और इससे सीखना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और मैं आगे बढ़ रहा हूं। यह खेल का अहम हिस्सा है। मैं मौके को दोबारा बना सकता हूं।

इस 31 साल के खिलाड़ी ने घरेलू टूर्नामेंटों में लगातार रन बनाकर एक पहला कदम उठा लिया है। मध्यप्रदेश के कप्तान ने पांच रणजी ट्रॉफी मैचों में 53.37 की औसत से एक शतक और एक अर्धशतक के साथ 427 रन बनाए हैं। वह सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अजिंक्य रहाणे (432) और बिहार के साकिबुल गनी (353) के बाद तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने नौ मैचों में 182.63 के स्ट्राइक रेट से 4 अर्धशतक के साथ 347 रन बनाए हैं।

दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि उन्हें वापसी के लिए अपने कौशल पर भरोसा है। पाटीदार ने कहा कि मैं बल्लेबाजी में अपने मजबूत पक्ष पर भरोसा कर उसी मुताबिक खेलने पर ध्यान दे रहा हूं। मैं बस उसी परिपाटी का पता लगाने की कोशिश कर रहा हूं जो मैंने आईपीएल में किया था। उन्होंने कहा कि मेरा मंत्र एक समय में एक गेंद खेलना है। मैं अपनी टीम के लिए प्रतिद्वंद्वी पर अपना प्रभाव डालने की कोशिश करता हूं। मैं बड़ा स्कोर बनाने की कोशिश नहीं करता। मैंने कभी उस पर ध्यान नहीं दिया। आगामी आईपीएल में पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलेंगे।





# पुष्पा 2 को लेकर की गई जेसीबी वाली टिप्पणी पर सिद्धार्थ का यू-टर्न

5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से ही पुष्पा 2- द रूल ने कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। फिल्म की भारी सफलता के बीच सिद्धार्थ को अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म के पटना इवेंट में एकत्रित भीड़ का मजाक उड़ाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। हालांकि, अब उन्होंने विवाद के बारे में बात की और एक स्पष्टीकरण जारी किया है।

### सिद्धार्थ ने ट्रोलिंग पर तोड़ी चुप्पी

चेन्नई में अपनी फिल्म मिस यू के लिए आयोजित एक प्रेस मीट के दौरान सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 पर अपनी टिप्पणियों और अल्लू अर्जुन के साथ किसी भी तरह की समस्या के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब दिया। अभिनेता ने स्पष्टीकरण की आवश्यकता को खारिज कर दिया और फिल्म की टीम को इसकी सफलता के लिए बधाई दी। उन्होंने पहले भाग की भारी लोकप्रियता को स्वीकार किया और कहा कि दर्शकों का सीक्वल के लिए सिनेमाघरों में आना स्वाभाविक था।

### अपनी टिप्पणी पर क्या बोले सिद्धार्थ

सिद्धार्थ ने फिल्मों का समर्थन करने वाली बड़ी भीड़ के महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने उम्मीद जताई कि दर्शक सिनेमाघरों में आना जारी रखेंगे और सिनेमा के फलने-फूलने की जरूरत के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि किसी फिल्म का हिट होना कितना दुर्लभ है और कहा कि निर्माता और कलाकार अपनी कड़ी मेहनत का फायदा उठाने के हकदार हैं।

### सिद्धार्थ ने पेश की सफाई


उन्होंने कहा, मुझे समस्या शब्द से ही दिक्कत है और मुझे नहीं लगता कि मुझे इस पर स्पष्टीकरण देने की जरूरत है। सफलता के लिए पुष्पा 2 की टीम को बधाई। जितनी अधिक भीड़ जुटेगी, उतना अच्छा होगा। आशा है कि भीड़ सिनेमाघरों में भी आएगी। सिनेमा को स्वस्थ होना चाहिए। इससे पहले पुष्पा 2 पर की गई अपनी टिप्पणी पर सिद्धार्थ को काफी ट्रोल भी किया गया था।

### क्या था सिद्धार्थ का बयान

इससे पहले सिद्धार्थ ने पुष्पा 2 कार्यक्रम के लिए पटना में उमड़ी भारी भीड़ पर अपने विचार साझा किए । उन्होंने कथित तौर पर इसे एक प्रचार रणनीति बताया और कहा कि भारत में बड़ी भीड़ एक आम बात है। उन्होंने तर्क दिया कि ऐसी भीड़ हमेशा गुणवत्ता को नहीं दर्शाती। अभिनेता ने कथित तौर पर इस आयोजन की तुलना जेसीबी से खुदाई करने वाली जगह से की और दावा किया कि आयोजन करने से स्वाभाविक रूप से लोग आते हैं और उन्होंने बिहार में लोगों के एकत्र होने को सामान्य बताया।



# प्रेग्नेंसी की खबरों पर सोनाक्षी ने तोड़ी चुप्पी



सोनाक्षी सिन्हा ने इस साल जून में अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी रचाई। निजी समारोह में हुई रजिस्टर मैरिज और फिर रिसेप्शन पार्टी में करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल हुए। शादी के बाद सोनाक्षी सिन्हा की प्रेग्नेंसी को लेकर अटकलें लग रही हैं। उनकी हालिया तस्वीरें देख नेटिजन्स अक्सर अभिनेत्री से सवाल पूछते हैं कि क्या वे खुशखबरी देने वाली हैं? इस तरह की अफवाहों पर सोनाक्षी ने चुप्पी तोड़ी है।

### मजाकिया अंदाज में किया खंडन

सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस तरह की अकटलों का खंडन अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज में किया और इसे अपने बढ़ते वजन से जोड़ा। सोनाक्षी ने कहा, मैं बस मोटी हो चुकी हूं। अपने इस बेबाक अंदाज और जवाब के जरिए उन्होंने अफवाहों को विराम दे दिया है। सोनाक्षी ने कर्ली टेल्स के साथ इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। सोनाक्षी सिन्हा ने अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चल रहीं अफवाहों को विराम लगाते हुए कहा, दोस्तों, मैं यहां पर कहना चाहती हूं कि मैं प्रेग्नेंट नहीं हूं। मैं बस मोटी हो चुकी हूं। सोनाक्षी सिन्हा ने मजाक में यह भी खुलासा किया कि इस तरह की खबरों को लेकर किसी ने तो उनके पति जहीर इकबाल को बधाई तक दे डाली। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने बातचीत के दौरान हंसते हुए कहा कि शादी के बाद से वे लगातार यात्राओं में व्यस्त हैं।

### इस पोस्ट के बाद शुरू हुई अफवाहें

सोनाक्षी सिन्हा की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब कपल ने अपने पालतू कुत्ते के साथ एक तस्वीर साझा की। सोनाक्षी सिन्हा ने भी माना की इस तस्वीर के बाद इस तरह के कयास लगने लगे। आगे उन्होंने माना कि इंटरनेट पर यूजर्स की कल्पनाओं की कोई सीमा नहीं। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर ने एक-दूसरे को करीब सात साल डेट किया। 23 जून 2024 में इन्होंने शादी रचाकर जिंदगी के नए अध्याय में प्रवेश किया।

# आलिया भट्ट ने ऑल वी इमेजिन एज लाइट के लिए दी पायल कपाड़िया को बधाई



बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए गोल्डन ग्लोब अवार्ड के लिए नामित होने पर बधाई दी। उन्हें 82वें गोल्डन ग्लोब अवार्ड्स 2025 में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (मोशन पिक्चर श्रेणी) के लिए नामित किया गया है। ये फिल्म प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह में इसे सर्वश्रेष्ठ मोशन पिक्चर नॉन इंग्लिश कैटेगरी में भी नामांकित किया गया है।

### पायल कपाड़िया ने कही ये बात

पायल कपाड़िया ने कहा, मैं इस नामांकन से बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं और इस मान्यता के लिए ।।स्त्रक्ककी आभारी हूं। यह उन सभी का जश्न है जिन्होंने इस फिल्म पर इतनी लगन से काम किया है। भारत में सभी के लिए, ऑल वी इमेजिन एज लाइट अभी भी सिनेमाघरों में है - कृपया इसे देखें और हमारा समर्थन करें।

### राजकुमार राव ने भी दी बधाई

बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव ने भी फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को इस नामांकन की बधाई दी है। उन्होंने लिखा, बधाई हो... यह बहुत बढ़िया है। बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आपके लिए प्रार्थना करता हूं। वहीं, आलिया भट्ट ने भी पायल कपाड़िया को बधाई दी और कहा कि इतिहास बस आपका ही है।

### फिल्म को मिला कान्स में ग्रैंड प्रिक्स

ऑल वी इमेजिन एज लाइट फिल्म को दुनियाभर में लोगों ने सराहा है। इस फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर लोगों ने बहुत पसंद किया है। फिल्म भारत में 22 नवंबर को भारत में सिनेमाघरों में रिलीज हुई ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट ने पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल की थी। यह फिल्म कान्स 2024 में प्रतिष्ठित ग्रैंड प्रिक्स जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म बन गई।



# पहली फिल्म की असफलता ने तोड़ा श्रद्धा का दिल, इंडस्ट्री में नहीं दिया किसी ने काम

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का आनंद उठाया। यह फिल्म साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। इस बीच श्रद्धा ने 2010 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'तीन पत्ती' की असफलता के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे फिल्म की असफलता ने उनका दिल तोड़ दिया था, क्योंकि उन्होंने इसके असफल होने की उम्मीद नहीं थी। श्रद्धा कपूर ने बताया कि फिल्म की असफलता के बाद उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट्स के मुताबिक जीक्यू इंडिया से बात करते हुए कहा कि लोगों को उन्हें कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था, जब तक कि आदित्य रॉय कपूर के साथ आशिकी 2 नहीं आई, एक ऐसी फिल्म जिसने उन्हें बहुत शोहरत दिलाई। अभिनेत्री ने कहा कि आशिकी 2 के बाद और उससे पहले, वह कठिन दौर से गुजर रही थीं।

### पिता ने नहीं की मदद

श्रद्धा ने आगे कहा, इंडस्ट्री से होने के बावजूद, मेरे पिता मुझे काम दिलाने के लिए कोई कॉल नहीं कर रहे थे। उन्होंने (शक्ति कपूर) कहा, मैंने खुद को अपने दम पर बनाया है, तुम्हें भी यह करना होगा। अपनी लड़ाई का सामना करो। मुझ पर निर्भर मत रहो। इससे मुझे बहुत ही अस्वीकृति और असफलता का अनुभव हुआ। 'आशिकी' होने तक लोगों को मुझे कास्ट करने के लिए मनाना बहुत मुश्किल था।



# खुद को पति के रूप में राजकुमार राव ने दी इतनी रेटिंग, बोले- हमेशा सुधार की गुंजाइश रहती है

बॉलीवुड के पावर कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा एक दूसरे के प्रति अपने प्यार का इजहार अक्सर करते हैं। दोनों की मीडिया हाउस से बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे पति के तौर पर 10 में से 9 ही नंबर ले सकते हैं। राजकुमार राव ने कहा, मैं खुद को एक पति के तौर पर नौ नंबर दूंगा। वाह, यह बिल्कुल भी बुरा नहीं है, है ना? मैं दस कहने वाला था, लेकिन फिर मैंने सोचा कि कुछ तो गड़बड़ होगी मुझमें। सुधार की हमेशा गुंजाइश रहती है।

### एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक हैं

इस बातचीत में राजकुमार राव ने बताया कि वे और पत्रलेखा एक दूसरे का समर्थन करते हैं लेकिन वे एक दूसरे के सबसे बड़े आलोचक भी हैं। वे अक्सर उनके काम की पहली दर्शक रही हैं। पत्रलेखा जिस काम की तारीफ करती हैं, उसे वाकई सम्मान मिलता है। उन्होंने पत्रलेखा के लिए कहा कि वे मेरे काम को समझती हैं मेरे लिए ये भी बहुत बड़ी बात है।

### राजकुमार राव ने की पत्रलेखा की तारीफ

राजकुमार राव ने आईसी 814 में पत्रलेखा के अभिनय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ये सीरीज उनके लिए एक अध्ययन के तौर पर खास रहा। बता दें राजकुमार राव और पत्रलेखा ने 2010 में अपने रिश्ते की शुरुआत की और 15 नवंबर, 2024 को चंडीगढ़ में एक अंतरंग समारोह में शादी कर ली।

### इस साल दिखाया अभिनय का जादू

वर्कफ्रंट की बात करें तो राजकुमार राव को हाल ही में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आए थे। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर दर्शकों की खास प्रतिक्रिया नहीं मिली। वहीं, राजकुमार राव ने इस साल स्त्री 2 के जरिए भी काफी सुर्खियां बटोरीं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी हिट रही।

# रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का साई पल्लवी ने किया खंडन



साउथ फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और मुखर अभिनेत्री साई पल्लवी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा कर रामायण के लिए शाकाहारी बनने की अफवाहों का खंडन किया। अभिनेत्री ने अफवाहों को मनगढ़ंत करार देते हुए कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अफवाहों को लेकर गुस्से में आई अभिनेत्री साई पल्लवी ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अपनी एक तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, अधिकांश समय, लगभग हर बार, जब भी मैं निराधार अफवाहों या मनगढ़ंत झूठ, गलत बयानों को मकसद या बेमकसद फैलते देखती हूं (भगवान जाने) तो मैं चुप रहना ज्यादा पसंद करती हूं और ऐसे मौकों पर कुछ नहीं बोलती। मैं खास तौर पर फिल्मों की रिलीज, घोषणा या मेरे करियर के यादगार पलों के समय किसी तरह की अफवाहों पर आमतौर पर चुप ही रहती हूं। (ऐसा हर बार नहीं होगा) अगली बार जब मैं किसी पेज, मीडिया या व्यक्ति को समाचार या गपशप के नाम पर कोई मनगढ़ंत घटिया कहानी चलाते हुए देखूंगी तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी। कानूनी कार्रवाई करूंगी! बस!

साउथ फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री साई पल्लवी जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में तैयार रामायण में माता सीता की भूमिका में नजर आएंगी। 'रामायण' में माता सीता की भूमिका निभा रहीं साई पल्लवी के साथ रणबीर कपूर राम की भूमिका में तो 'केजीएफ' स्टार यश लंकापति रावण की भूमिका में और लारा दत्ता कैकेयी की और सनी देओल वीर हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे। साई पल्लवी अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री का एक पुराना वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें अभिनेत्री भारतीय सेना को लेकर विवादित बयान देती नजर आई थीं। वायरल वीडियो में अभिनेत्री कहते नजर आई थीं, पाकिस्तान में लोग सोचते हैं हमारी सेना एक आतंकवादी समूह है, लेकिन हमारे लिए उनकी सेना ऐसी है। इसलिए, नजरिया बदल जाता है।



# सुजॉय घोष ने की पुष्पा 2 की तारीफ

अल्लू अर्जुन की साल की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2- द रूल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। फिल्म को दर्शकों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली और इसने पहले ही दुनिया भर में बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म समीक्षकों, दर्शकों और कई मशहूर हस्तियों से भी प्रशंसा अर्जित कर रही है। हाल ही में, फिल्म निर्माता सुजॉय घोष ने भी फिल्म की अपनी समीक्षा साझा की और अल्लू अर्जुन को महानतम जादूगर कहा। वहीं, इस पर अल्लू अर्जुन ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है और लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है।

### सुजॉय घोष ने की पुष्पा की समीक्षा

सुजॉय घोष ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पुष्पा 2- द रूल की अपनी समीक्षा साझा की। बदला, कहानी और जाने जां जैसी फिल्मों के लिए जाने जाने वाले फिल्म निर्माता ने कहा, मैंने सुकुमार की फिल्म पुष्पा 2 देखी। क्या खूबसूरती से तैयार किया गया मैजिक शो और हर डिपार्टमेंट में बेहतरीन डिटेलिंग। मन चकित रह गया। देखने में बहुत मजा आया और सबसे महान जादूगर अल्लू अर्जुन ने मुझे सम्मोहित कर लिया।

### अल्लू अर्जुन ने जताया आभार

इसके बाद अल्लू अर्जुन ने फिल्म निर्माता का आभार व्यक्त किया और जवाब दिया, सुजॉय जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। खुशी है कि आपको फिल्म और मेरा काम पसंद आया। आपके प्यार से अभिभूत हूं। धन्यवाद। सुजॉय घोष ने फिल्म की तारीफ की है और अल्लू अर्जुन उनका आभार व्यक्त करते नजर आए हैं। वहीं, सुजॉय और अल्लू की पोस्ट पर नेटिजन्स भी दिल खोलकर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। नेटिजन्स ने सुजॉय घोष द्वारा अल्लू अर्जुन और पुष्पा 2 की प्रशंसा करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनसे शाहरुख खान के साथ ऐसा ही सिनेमा बनाने का अनुरोध किया। एक एक्स यूजर ने लिखा, एसआरके की विशाल प्रस्तुति के साथ-साथ किंग को भी पूरी तरह तैयार करें। दूसरे ने लिखा, अपनी खुद की विशिष्टता के साथ किंग बनाएं और उन सभी को आश्चर्यचकित करें जो किंग-द मूवी को कम आंक रहे हैं।

### किंग में नजर आएंगे शाहरुख-सुहाना

एक अन्य एक्स यूजर ने टिप्पणी की, सुजॉय दादा हम और अधिक खूबसूरती से तैयार किया गया जादू शो चाहते हैं। बता दें, सुजॉय घोष एक एक्शन ड्रामा किंग का निर्देशन करने जा रहे हैं, जिसमें शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान मुख्य भूमिका में हैं। चर्चा है कि फिल्म में अभिषेक बच्चन खलनायक की भूमिका निभा सकते हैं। किंग के बारे में बात करते हुए, शाहरुख ने एक इंटरव्यू में कहा, यह दिलचस्प होगा। मैं कुछ समय से ऐसी फिल्म करना चाहता था, और मैं वास्तव में सात, आठ साल से ऐसी फिल्म करना चाहता था। हमने बस महसूस किया सुजॉय सही विकल्प होंगे, क्योंकि हम चाहते थे कि यह भावनात्मक रूप से बहुत सही हो। हम सभी एक अच्छी, व्यापक, एक्शन, भावनात्मक फिल्म बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

# लोकेश कनगराज के एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

राघव लॉरेंस अपनी शानदार अदाकारी के लिए मशहूर हैं। वह आगामी फिल्म बेंज में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे, जिसका निर्देशन बक्कियाराज कन्नन करेंगे। फिल्म की पटकथा लोकेश कनगराज लिख रहे हैं। यह फिल्म लोकेश कनगराज के सिनेमैटिक यूनिवर्स (एलसीयू) का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनने जा रही है।

### एलसीयू में हुई माधवन की एंट्री

रिपोर्ट के अनुसार राघव लॉरेंस की इस फिल्म में अब आर माधवन की विलेन की के रूप में एंट्री हो गई है। माधवन के एलसीयू में प्रवेश ने दर्शकों के साथ फिल्म इंडस्ट्री में काफी उत्साह पैदा कर दिया है। माधवन ने आखिरी बार मणिरत्नम की फिल्म आयुथा एझुथु (2004) में और 2024 में हिंदी फिल्म शैतान में भी वह नकारात्मक भूमिका में नजर आए थे। फिल्म बेंज की शूटिंग जल्द शुरू होगी। इसमें संगीत देने के लिए हाल ही में उभरते हुए संगीतकार साई अभ्यंकर को साइन किया गया है। राघव लॉरेंस की आगामी फिल्में, जैसे काला भैरव और बुलेट ने भी काफी हलचल मचाई है। 2025 में इन फिल्मों की रिलीज को लेकर फैंस में खासा
उत्साह है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011